अगुन(अगुण)	वि.	निर्गुण।	نِرگون (بگوان)	न्यरगुन (बगवान)	destitute of attributes (referring to God or the Supreme Being).
अगूढ़	वि.	1. जो छिपा न हो, प्रकट;	نون، ٹاکارٕ؛	नोन, टाकारु:;	not hidden or concealed, manifest;
		2. जो समझने में कठिन न हो, स्पष्ट।	سہل	सहल	intelligible, clear.
अगोचर	वि.	जिस का ज्ञान इंद्रियों से न हो सके, इंद्रियातीत, अप्रकट।	اباسوُن	अबासुवुन	imperceptible to the senses, mysterious, not obvious, not being seen or observed or known.
अग्नि	स्त्री.	1. आग;	نار، زۆنگ، کنگ؛	नार, ज़ोंग, कंग;	fire;
		2. जठराग्नि;	بُچھ نار؛	बुछि नार;	appetite, the digestive faculty;
		3. उष्णता, गरमी।	وُشنیر	वुशनेर	heat, hotness.
अग्निकर्म	पुं.	1. शवदाह;	داہ دیُن؛	दाह द्युन;	burning of the dead body;
		2. गरम लोहे से दागना;	دٕرالی لاگُن؛	द्रोल्य लागन्य;	cauterization;
		3. हवन।	ہَوَن	हवन	offering oblations to fire.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अग्निकांड	पुं.	दूर तक फैलने वाली आग जो अत्यधिक नाशक हो।	نارٕژھٹھ، نارٕدیو	नारुछठ, नारुद्यव	devastating fire
अग्निदान	पुं.	चिता में आग लगाना।	وُلمُکھ دِنۍ ژُکھ دیُن	वुलमुख दिन्य चुख द्युन	kindling the funeral pyre.
अग्निपरीक्षा	स्त्री.	1. अग्नि द्वारा परीक्षा, जलती आग, खौलते तेल आदि के जरिए किसी के दोषी-निर्दोष होने की जांच;	نار ازمایش؛	नार अज़मायिश;	ordeal by fire:
		2. धातुओं को आग में तपाकर उनकी शुद्धता की जांच करना;	داتھ نارٕ کڑنۍ؛	दाथ नारु कडुन्य;	fire-test;
		3. कठिन परीक्षा।	مُشکِل سخ اِمتحان	मुश्किल सख इम्तिहान	ordeal.
अग्निमांद्य	पुं.	जठराग्नि का मंद हो जाना, भूख कम लगने का रोग, मंदाग्नि।	بُچھ سُتنۍ مۄل مشُن اپازُکھ	बुछि सुतुन्य मौल मशुन अपाज़ुख	loss of appetite, dyspepsia.
अग्नि-संस्कार	पुं.	1. मृतव्यक्ति का जलाया जाना, शवदाह,	مُردٕ ژالُن، مُردس داہ دیُن؛	मुर्द ज़ालुन, मुर्दस दाह द्युन;	burning on the funeral pyre;
		2. अग्नि द्वारा तपाकर शुद्धि करना।	نارس اَندر شوٗزٕراوُن	नारस अंदर शोज़ुरावुन	hallowing or consecrating by means of fire.
अग्निसह	वि.	जो अग्नि में पड़कर भी न जलता हो, आग के प्रभाव से रहित।	نارٕ دراو	नारु द्राव	fireproof.
अग्निहोत्र	पुं.	एक प्रकार का वैदिक होम।	ہَوَن، یاگ، پکھیاگ	हवन, याग, पक्षाग	a kind of Vedic sacrifice.
अग्र	पुं.	1. अगला भाग;	برٛونٛٹھِم حِصہٕ؛	ब्रूंठ्युम हिसु;	the first or fore part;
		2. सिरा, नोक;	پیوٗت، دٔنٛدٕر؛	प्योत, दंदुर;	edge, end;
		3. शिखर।	تینٛتول	तेंतोल	top.
	वि.	1. अगला;	برٛنٛٹھِم؛	ब्रंठ्युम;	front;
		2. पहला;	گوڈنیُک؛	गुडुन्युक;	first;
		3. प्रधान, मुख्य;	زیٹھ؛	ज़्युठ;	chief or fore;
		4. श्रेष्ठ।	کھسِتھ، سرس	खसिथ, सरस	best.
अग्रगण्य	वि.	गणना में पहले आनेवाला, मुख्य, प्रधान।	گوڈنیُکُے	गुडुन्युकुय	to be reckoned first, fore-most.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अग्रगामी	पु.	नायक, अगुआ।	رہبر	रहबर	leader, forerunner.
	वि.	आगे चलनेवाला।	برونہہ برونہہ پکن وول	ब्रोंह ब्रोंह पकन वोल	foregoing, preceding.
अग्रज	पुं.	बड़ा भाई।	زیٹھ بوے	ज्युठ बोय	an elder brother.
अग्रणी	पुं.	नेता, अगुआ।	رہبر ـ لیڈر ،	रहबर, लीडर	leader
	वि.	1. आगे चलनेवाला; 2. श्रेष्ठ।	برونٹھ پکن وول کھسیتھ	ब्रोंठ पकन वोल; खसिथ	foremost, chief; prominent.
अग्रदूत	पुं.	पहले से पहुंचकर किसी के जाने की सूचना देने वाला।	شیچھ انن وول	शेछ अनन वोल	forerunner, harbinger.
अग्रलेख	पुं.	समाचारपत्र का मुख्य (संपादकीय) लेख।	اداریا مضموٗن ؛ اڈیٹوریل	इदारिया मज़मून, एडिटोरियल	editorial.
अग्रहायन	पुं.	दे. 'अगहन'।	'अगहन' وچھو ،	वुछिव "अगहन"	see 'अगहन'.
अग्राम्य	वि.	1. जो देहाती न हो, नगर का; 2. सभ्य, शिष्ट।	یُس نہ گامی آسِہ ، شہرُک ؛ مہذب	युस नु गामी आसि, शहरुक; मोहज़िब ;	not rustic or rural, urban; polite, civil.
अग्राह्य	वि.	1. ग्रहण के अयोग्य, अस्वीकरणीय, त्याज्य; 2. अविचारणीय; 3. अविश्वसनीय।	تراوُن لایکھ ؛ یُس نہ غور کرنس لایکھ آسِہ ؛ یتھ نہ پتھ کرٚزِ	त्रावुन लायख ; युस न गोर करनस लायख आसि; यथ न पछ कर्यज़ि	not acceptable, inadmissible; not fit to be considered; unbelievable.
अग्रिम	वि.	1. पहला; 2. आगामी; 3. श्रेष्ठ, उत्तम; 4. (धन–राशि) जो कुछ देने या पारिश्रमिक निश्चित होने पर बात पक्की करने के लिए पहले दी जाती है, पेशगी।	گوڈنیک ؛ آینٛدٕ ؛ کھسیتھ ؛ پیشگی ، سیٚے	गुडन्युक; आयन्दु; खसिथ; पेशुगी, सय	first; forthcoming; superior; advance (of money etc.).
अग्रेषण	पुं.	1. आगे की ओर बढ़ाने का कार्य; 2. किसी के आवेदनपत्र आदि को अपने से उच्च या आगे के अधिकारी के पास विचारार्थ भेजना या आगे बढ़ाना अग्रसारण।	برونہہ کُن پکہ ناوُن ؛ (عرضی بیترِ) برونہہ پکہ ناوٕن	ब्रोंह कुन पकुनावुन; (अर्ज़ीबेतरि) ब्रोंह पकुनावन्य	act of sending forth; act of forwarding.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अघ	पुं.	पाप	گونٛاہ، پاپھ	गुनाह, पाफ	sin, evil.
अघाना	अ. क्रि.	1. भरपेट भोजन करना, छकना;	یڈ بٔرِتھ کھیوٗن؛	यड बॊरिथ ख्योन;	to be satiated;
		2. संतुष्ट या तृप्त होना, इच्छा पूरी होना;	سیر گژھُن؛	सेर गछुन;	to be satisfied;
		3. जी भरना, ऊबना।	تسلاہ گژھُن	तसलाह गछुन	to have enough of.
अघोर	पुं.	1. शिव का एक रूप;	شِو سُند؛	शिव सुंद;	a form of Shiva;
		2. उक्त रूप का उपासक संप्रदाय।	"اگوٗر" رۄپھ؛ یہ مانن ووٚل فِرقہٕ	"अगूर" रूफ; यि मानन वोल फिरकु	a follower or worshipper of this form of Shiva.
	वि.	घोर से भी अधिक घोर और बुरा, अत्यंत घोर।	ہوٚبتھ ناکھ	हॊबथनाख	filthy, foul, unclean.
अघोरपंथ	पुं.	शिव का उपासक एक संप्रदाय जो मद्य-मांस आदि का भी सेवन करता है।	"اگوٗر" شِوس مانن ووٚل اکھ فِرقہٕ،	"अगूर" शिवस मानन वोल अख फिरकु,	a sect worshipping Shiva and indulging in meat-eating and wine etc. also.
अघोरी	पुं.	अघोरपंथ का अनुयायी, औघड़।	اگوٗر فِرقہٕ ووٚل	अगूर फिरकु वोल	follower of the 'अघोरपंथ'.
	वि.	घृणित वस्तुओं का सेव[illegible] करने वाला, गंदा।	سۄکُر	सोकुर	filthy, unclean. indulging in detestable things.
अघोष	पुं. वि.	1. एक वर्ण समूह जिसके अंतर्गत क, ख, च, छ, ट, ठ, त, थ, प, फ, श, ष, और स हैं;	(گرامر) لوٚتی زٔری اچھر؛	(ग्रेमर) लोत्य, ज़र्य अछर;	(in grammar) hard (as consonants).
		2. नीरव।	خاموش	खामोश	without noise or sound, calm.
अचंभा	पुं.	1. आश्चर्य, विस्मय;	حٲرانی، آشچر؛	हारानी, आश्चर	wonder, surprise;
		2. आश्चर्यजनक बात।	حٲرانکُن کتھ	हारानकुन कथ	a thing or matter of wonder.
अचकचाना	अ. क्रि.	भौंचक्का होना, विस्मित होना, चौंक उठना।	راوُن، ہیبتہٕ گژھُن	रावुन, हयबुगु, गछुन	to be surprised, to be startled, to be taken aback, to be bewildered.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अचकन	स्त्री.	लंबा अंगरखा।	اچکن	अचकन	a kind of long coat.
अचर	वि.	अचल, स्थावर।	بےٗجان	बेजान	immovable, inanimate.
अचरज	पुं.	1. आश्चर्य, अचंभा; 2. आश्चर्यजनक बात।	حٲرانی؛ تاجُبچ کتھ	हौरानी; तौजबुच कथ	surprise, wonder; a thing or matter of wonder.
अचल	वि.	1. जो अपने स्थान पर बना रहता हो, इधर-उधर न हटता हो, स्थावर; 2. गतिहीन, स्थिर; 3. अटूट, दृढ़; 4. चिरस्थायी।	غار منقولہٕ؛ بےحرکتھ؛ دورٕ؛ مستقِل	गौर मनकूलु; ब्रेहरकथ; ड्रोर; मुस्तकुल	immovable, motionless; immobile, stationary; constant, firm; permanent.
अचल संपत्ति	स्त्री.	वह संपत्ति जो अपने स्थान से हटाई न जा सकती हो।	غارٕ منقولہٕ جاداد	गौर मनकूलु जादाद	immovable property.
अचला	स्त्री.	पृथ्वी।	بُتھ راتھ۔	बुतराथ	earth.
अचानक	क्रि. वि.	बिना पूर्व सूचना के, यकायक, सहसा।	اچانکھ	अचानख	suddenly, unexpectedly, all of a sudden.
अचार	पुं.	फल या तरकारी में मिर्च-मसाले लगाकर कुछ दिनों तक तेल या सिरके में रखने से बना खट्टा और चटपटा खाद्य।	اَنٛچار	आँचार	pickles.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अचिंतनीय	वि.	1. जिसका चिंतन या कल्पना न हो सके, अज्ञेय, दुर्बोध;	عقلہ نہٕ ویژُن؛	अकलि तु व्यचुन:	inconceivable, difficult to understand, incomprehensible;
		2. आकस्मिक, अप्रत्याशित।	یِہ نہٕ سمجھ یِیہ	यि न समुज यियि	unexpected.
अचिर	वि.	1. क्षणस्थायी;	عارضی؛	आरज़ी;	momentary;
		2. जो पुराना न हो, नया, हाल का, ताजा।	ساڈٕ رٕوار	सादुरवार	not old, new, fresh, recent.
	क्रि.	1. शीघ्र;	جل، وٕلی؛	जल, वल्य;	soon;
	वि.	2. हाल में;	حال حالے؛	हाल हालुय;	recently;
		3. कुछ ही पहले।	ہنابرونہہ پہان	हनाब्रोंह पहान	not long ago.
अचूक	वि.	1. खाली या व्यर्थ न जानेवाला, **अमोघ**;	ٹھیک؛	ठीक;	unfailing;
		2. निश्चित, भ्रमरहित।	یقینی	यकीनी	sure, certain.
अचेत	वि.	1. चेतनारहित, मूर्च्छित;	بےخود؛	बेखुद;	unconscious, fainted;
		2. जिसका होश-हवास ठिकाने न हो;	فاتر؛	फातिर;	insensible, senseless;
		3. असावधान।	ظون نہٕ روس	ज़ुनु-रोस	unaware, unmindful.
अचेतन	पुं.	1. जड़ पदार्थ;	بےزُو؛	बेज़ुव;	lifeless object;
		2. मनोविज्ञान में मन का वह नीचे दबा हुआ सुप्तप्राय अंश जिसमें ऐसी धारणाएँ, भाव, संस्कार आदि पड़े-पड़े अपना कार्य करते रहते हैं जिनका पूरा, प्रत्यक्ष और स्पष्ट **भान** मनुष्य को नहीं होता।	اچیتھ	अच्यथ	unconscious.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	वि.	1. चेतना रहित;	بےٚحیس؛	बेह्यस;	unconscious;
		2. निर्जीव।	بےجان	बेजान	lifeless, inanimate.
अचैतन्य	वि.	1. चेतनारहित, जड़;	زُورۄس؛	ज़ुवु रोस;	inanimate, lifeless;
		2. बेहोश, मूर्च्छित।	بےہوٗش	बेहोश	senseless.
	पुं.	जड़ पदार्थ।			material world.
अच्छा (अच्छी स्त्री.)	वि.	1. भला, बढ़िया, बढ़कर;	جان؛	जान;	good, nice, fine;
		2. ठीक, उपयुक्त, फबनेवाला;	ٹھیکھ؛	ठीख;	proper, suitable, befitting,
		3. सुंदर;	خوبصوٗرتھ؛	खूबसूरथ;	excellent;
		4. खरा;	شۆد؛	शोद;	genuine, pure, unadulterated;
		5. सकुशल;	بخار؛	बखार;	well;
		6. चंगा, नीरोग;	بلیوٗمت، اَرزُو؛	बल्योमुत, अरिजुव;	hale, healthy;
		7. स्वास्थ्यकर ;	صحت افزا	सेहत अफज़ा	
			ویِرِوُن؛	वयिवुन;	salubrious (as climate);
		8. संपन्न, प्रतिष्ठित;	بَستھ؛	बसिथ;	lucky, fortunate;
		9. जो बुरा न हो, दोषरहित;	بےکسر؛	बेकसर;	not bad, without fault;
		10. कामचलाऊ;	کارآمد؛	कार आमद;	serviceable, useful;
		11. प्रिय, प्रसन्नतादायक;	خوشیوُن؛	खुशायिवुन;	pleasant, pleasing, agreeable;
		12. शुभ;	رُت؛	रुत;	propitious;
		13. लाभदायक, श्रेयस्कर;	فائدمنٛد؛	फायदु मंद;	profitable;
		14. संतोषजनक।	تسلی بخش	तसली बख़्श	satisfactory, favourable.
	क्रि. वि.	1. अच्छी तरह, भलीभांति;	جان پاٹھۍ؛	जान पोठय;	well, correctly, properly;
		2. उपयुक्त अवसर पर;	موقہٕ؛	मोकु;	opportunely;
		3. यदि यही बात है तो, खैर;	اچھاہ!؛	अछाह!;	granted, true;
		4. स्वीकारसूचक उत्तर 'हाँ';	آ، اوو؛	आ, अवु;	quite right, well, very good;
		5. आश्चर्य, उपेक्षा आदि सूचक अव्यय।	شابش	शाबश	well done, bravo! all right!

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अच्छाई	स्त्री.	1. अच्छा होने की अवस्था या भाव, अच्छापन;	جانیر؛	जान्यर;	goodness;
		2. विशेषता, खूबी;	جانی؛	जानी;	virtue, merit;
		3. भलाई;	رُت؛	रुत;	doing good to others;
		4. लाभ।	فایدٕ	फायद्	advantage.
अच्छा-खासा	वि.	1. काफी अच्छा;	سیٹھاہ جان؛	स्यठाह जान;	quite good, sufficiently good;
		2. बहुत अधिक।	سیٹھاہ	स्यठाह	very much, too much.
अच्छा-बुरा	वि.	भला-बुरा, लाभ-हानि।	جانی تہٕ ناکارٕگی	जानी तु नाकारुगी	good or bad, advantage or disadvantage.
अच्युत	वि.	1. जिसने भूल या त्रुटि न की हो, जो पथभ्रष्ट न हुआ हो, निर्दोष;	بےداغ؛	बेदाग;	one who has not committed any mistake, spotless;
		2. अपने स्वरूप, सामर्थ्य या स्थान से न गिरने या हटनेवाला, अटल;	ثابت؛	सॉबित;	fixed, permanent;
		3. शाश्वत।	ابدی، ہر ہمیش	अबदी, हर-हमेश	eternal.
	पुं.	विष्णु।	وِشنوٗ	वेशनू	name of Vishnu or God.
अछूत	पुं.	अछूत जाति का व्यक्ति, हरिजन, शूद्र।	اوچھوٗت	ओछूत	member of the untouchable class, Shudra;
	वि.	न छूने योग्य, अस्पृश्य।	یتھ نہٕ اتھ لاگن پزِ	यथ न अथु लागुन पज़ि	untouchable.
अछूता	वि.	1. जो छुआ न गया हो;	یتھ نہٕ اتھ لوگمُت آسیکھ؛	यथ न अथु लोगमुत आस्यख;	untouched;
		2. जो काम में न लाया गया हो, कोरा, नया;	نوٗو، کوٗرٕ؛	नोव, कोर;	unused, new;
		3. जिसके संबंध में अभी तक विचार न किया गया हो।	سرتاز	सरताज़ु	untouched, fresh, new.
अछूतोद्धार	पुं.	अछूतों या अस्पृश्य जातियों के उद्धार का काम, प्रयत्न या भाव।	اوچھوت تھود تُلنٕہ	ओछूत थोद तुलुन्यु	act or effort to raise the social status of the members of the untouchable classes.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अजगर	पुं.	एक विशाल सर्प जो बकरी, हिरन आदि को निगल जाता है।	اژدر سرُف	अर्जेदर सरुफ	a huge serpent, a kind of large snake, a dragon, python, (lit)the goat eater.
अजगरवृत्ति	स्त्री.	अजगर की-सी वृत्ति जिसमें कोई कामधंधा किए बिना आदमी चुपचाप खाता रहता है, निरुद्यम या भगवान के भरोसे रहने की वृत्ति।	اجگر سنز ہِش کاہلی، ڈٕرِس گژھن	अजगर संज़ हिश काहिली, ड्रस्य गछ्न	languidness, sluggishness, slothfulness, inactivity.
अजनबी	पुं.	1. ऐसा नया आदमी जो स्थान आदि से परिचित न हो या जिससे और लोग परिचित न हों;	اجنبی؛	अजनैब्य;	stranger, unfamiliar;
		2. परदेशी।	نیبرِیُم	न्यबर्युम	foreigner, alien.
	वि.	अपरिचित, अनजान।	انزانی، غیر زانی، نیبرِیُم	अनज़ान्य, गैरज़ान्य, न्यबर्युम	unfamiliar, strange, foreign.
अजन्मा	वि.	1. जिसने जन्म न लिया हो;	یُس نہ زیو؛	युस न ज़ेवि;	unborn, unbegotten·
		2. जन्म के बंधन से मुक्त;	زنمہ مُکتھ گنڈ نشہِ آزاد؛	ज़न्मुकि गंड निशि आज़ाद:	free from the bonds of being born (used in religion);
		3. अनादि।	ابدی	अबदी	eternal.
अजपा	पुं.	मंत्र जपने का वह प्रकार जिसमें मन ही मन जप किया जाता है, मुंह से उच्चारण नहीं किया जाता।	منہ اندری منتھر پرُن (زپھ کرُن)	मनु अंदरी मंथर परुन (ज़फ़ करुन)	a kind of chanting of **mantras** which remain unpronounced.
	वि.	1. जिसका जप न किया गया हो अथवा न किया जाए;	یُس نہ زپنہ یِیہِ؛	युस न ज़पनु यियि;	not or not to be chanted;
		2. जप न करने वाला।	زپھ نہ کرن وول	ज़फ़ न करन वोल	not chanting.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अजब	वि.	विचित्र, अनोखा, विलक्षण।	ویٚوکھُت	व्योखुत	strange, wonderful, rare, marvellous.
	पुं.	अचरज, अचंभा।	حٲرٲنی	हारानी	wonder, astonishment.
अजर	वि.	1. जिसे बुढ़ापा न आवे, जरारहित;	یُس نہٕ بُجر ییِہِ؛	यस नु बुजर यियि;	not liable to decay or old age;
		2. क्षयरहित।	امر، لازوال	अमर, लाज़वाल	undecaying, imperishable.
	पुं.	परब्रह्म, देवता।	خۄدایے، بگوان پرم برٛہم	खुदाय, बगवान, परम ब्रह्म	an epithet of God, Supremé Being.
अजवायन	स्त्री.	एक प्रसिद्ध पौधा और उसके बीज जो औषधि और मसाले के काम आते हैं।	جاۄٚینٛد	जाव्यंद	a kind of aromatic seed, the seed of a plant of the kind **lingusticism ajowan** ,a species of lovage or bishops weed with the flavour of carr-aways (**Ptychotis ajowan**), used medicinally.
अजस्र	वि.	बराबर या लगातार चलता रहने वाला, अटूट।	چلٕوُن	चलवुन	perpetual.
	क्रि. वि.	निरंतर, लगातार।	لگاتار	लगातार	perpetually, for ever.
अजात	वि.	1. जो उत्पन्न न हुआ हो, जिसने जन्म न लिया हो;	یٚمیٚ نہٕ زنم ہیوٚت؛	ये़म्य नु जन्म ह्योत;	not produced, not born;
		2. जन्म के बंधन से मुक्त।	زنمہٕ نِشہِ مۄکُل	जनमु निशि मुकुल	free from the bonds of being born.
अजातशत्रु	वि.	जिसका कोई बैरी, शत्रु या विरोधी न हो।	لادُشمن، بےٚ شتھُر	लादुश्मन, बेशथुर	having no enemy.
अज़ान	स्त्री.	मसजिद में मुल्ला की वह पुकार जो मुसलमानों को नमाज पढ़ने के लिए आमंत्रित करती है।	اَزان، بانگ	अज़ान, बांग	the summons to prayers, generally proclaimed from the minars or towers of a mosque.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अजायबघर	पुं.	वह भवन या उसका भाग जहां पर पुराकालीन कला-कौशल संबंधी और विभिन्न प्रकार की अद्भुत और विलक्षण वस्तुएँ संगृहीत, परिरक्षित तथा प्रदर्शित की जाती हैं, संग्रहालय।	عجاۓیب گر	अजांयिबगर	museum.
अजिन	पुं.	हिरण, शेर, चीते आदि का चमड़ा जो ओढ़ा या बिछाया जाता है, मृगछाला।	مرگہ ژھال، ہرنہ مسلہ	म्रगुछाल, हरनु मुसलु	the hide of an antelope, lion, tiger, etc., on which the religious students sit or sleep.
अजिर	पुं.	आंगन।	آنگن	आंगुन	an arena, court.
अजी	अव्य.	'ए जी' का संक्षिप्त रूप, संबोधन का शब्द।	ہے! ہتہ سا	हे! हत सा	(used in addressing or to call attention, or to express surprise, or contempt,) ho there! I say; Sir; O sir! good girl, Madam. My lady! good woman, man (forms used by a husband and wife respectively in addressing each other being considered disrespectful for them to call each other by name.)
अजीब	वि.	विलक्षण, अद्भुत।	عجیب	अजीब	wonderful, surprising, astonishing, marvellous.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अजीर्ण	पुं.	1. अपच, बदहजमी;	بدہضمی، ٹرٛے ڈاکُر؛	बदहज़मी, ट्रे डाकुर;	indigestion, dyspepsia;
		2. किसी बात या वस्तु की ऐसी अभिव्यक्ति जो उसके निरर्थक बाहुल्य की सूचक तथा हास्यास्पद हो।	یہ نہٕ پچِھ یا ہٹہِ دسہِ	यि नु पचि या हटि वसि	excess (so as to produce disgust etc.).
	वि.	1. जो जीर्ण या पुराना न हो, फलतः नया;	نوٚو؛	नोव;	not old, hence new;
		2. जो पचा न हो।	یہ نہٕ شرپیہ	यि नु श्रपि	undigested.
अजीव	पुं.	जड़ पदार्थ।	بےزُوٚ چیز	बेज़ुव चीज़	the inanimate object.
	वि.	1. निर्जीव;	زُوٚ روس، بےجان؛	ज़ुव रोंस, बेजान;	lifeless, deprived of life;
		2. मृत;	مُود مُت، مموت؛	मूद मुत, मूमुत;	dead;
		3. अचेतन, जड़।	بےزُوٚ ذاتھ	बेज़ुव ज़ाथ	inanimate.
अजेय	वि.	1. जिसे कोई जीत न सके;	یُس نہٕ کانٛہہ زینتھ ہیکہِ؛	यस नु कांह ज़ीनिथ हेकि;	invincible, unconquerable;
		2. जो हारा न हो, अपराजित।	یُس نہٕ ہار	युस नु हारि	not defeated, not subdued.
अज्ञ	वि	1. ज्ञानरहित ;	علِمہٕ رۄس؛	अंल्यम रोस;	ignorant, not knowing;
		2. नासमझ, मूर्ख।	مڈ	मड्	idiot, stupid.
अज्ञता	स्त्री.	1. अज्ञान ;	جہالتھ؛	जहालथ;	ignorance;
		2. नासमझी, मूर्खता।	چارٕیر	चार्यर	stupidity, folly.
अज्ञात	वि.	1. न जाना हुआ;	نامعلوم؛	नामोलूम;	unknown;
		2. जिसे ज्ञान या भान न हो;	انزانۍ؛	अनज़ान्य;	unknowing;
		3. अप्रकट।	یہ نہٕ نیٚنوٚمُت آسِہ	यि नु नन्योमुत आसि	not revealed, not known.
अज्ञातवास	पुं.	देशांतर में ऐसे वेश व्यवहार आदि को अपनाकर रहना जिसमें वास्तविक परिचय का लोगों को पता न लग सके।	کھٹِتھ روزُن	खटिथ रोज़ुन	living incognito.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अज्ञान	पु.	1. ज्ञान का अभाव;	ناعلمی ؛	नाअ॑ल्यमी;	lack of knowledge, ignorance;
		2. मिथ्याज्ञान;	اپز علمیت ؛	अपुज़ अल्यमियत;	false knowledge;
		3. मूर्खता।	بے وقوفی	बेवुक़ूफी	stupidity, folly.
	वि.	ज्ञानरहित, मूर्ख।	انزانی	अनज़ान्य	ignorant, unwise, stupid, foolish.
अज्ञानता	स्त्री.	1. ज्ञान न होने की अवस्था या भाव;	ناعلمی ؛	नाअ॑ल्यमी;	the state of ignorance;
		2. मिथ्याज्ञान;	اپز علم ؛	अपुज़ अ॑लिम;	false knowledge;
		3. मूर्खता, नासमझी।	ناسمجھی	नासमुजी	stupidity, folly.
अज्ञानी	वि.	1. ज्ञानरहित, अज्ञ;	ان زانی ؛	अनज़ान्य;	ignorant;
		2. मूर्ख, नासमझ।	مٔڈ ، بیعقل	मुड, बेक़ुल	stupid, foolish.
अज्ञेय	वि.	जो जाना न जा सके, ज्ञानातीत।	یِ نہٕ زانِتھ ہیکِو	यि नु ज़ानिथ हेक्यज़ि	unknowable, unfit to be known.
अज्ञेयतावाद	पुं.	वह सिद्धांत जिसके अनुसार यह माना जाता है कि इस दृश्यजगत से परे जो कुछ है वह अज्ञेय है।	اگنیہ وواد ، یمِ عالمُ نیبر یِ کینژھاہ چھُ تتھ متلق یِ عقیدٕ زِ سُ ہیکہِ نہٕ عقلِ ویژِتھ ٹھور ؛	अज्ञेयुवाद, येमि आलमु न्यबर यि केंछाह छु तथ मुतलक यि अकीदु ज़ि सु हेकि न अक़ुलि वेच़िथ ठोर;	agnosticism.
अटक	स्त्री.	1. रुकावट, बाधा, अड़चन;			obstacle, impediment, hindrance, bar, obstruction;
		2. हिचक, संकोच।	روٗٹ	रोट	hesitation, doubt.
अटकना	अ. क्रि.	1. चलते-चलते अथवा कोई काम करते-करते रुकना या ठहरना;	ٹھہرُن ؛	ठ॑हरुन;	to halt or stop;
		2. किसी कठिनाई या बाधा के कारण किसी कार्य या क्रिया का रुकना;	تھامِ گژھُن ؛	थामि गछ़ुन;	to get stuck,
			روٹ گژھُن ؛	रोटु गछुन;	to be halted or stopped, to be prevented;
		3. उलझना।	پھسُن	फसुन	to be entangled in.
अटकल	स्त्री.	1. अंदाजा, अनुमान;	اٹھکل ؛	अठुकल;	conjecture, guess, estimate;
		2. गुणदोष का अनुमान या कल्पना करने की शक्ति, पहचान।	رائے ترائے	राय त्राय	judgement, opinion.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अटकलपच्चू	वि.	केवल कल्पना या अनुमान के आधार पर जाना या सोचा-समझा हुआ (फलत ऊटपटांग या बिना सिर-पैर का)।	اَٹھسَنٛٹھی	अठसंठी	at random, uncertain, imaginary.
अटकलबाज	वि.	जो अटकल में तेज हो।	اَنٛکُہ وَنِہ مَنٛز تیز	आंकु वनि मंज़ तेज़	a good guesser, an appraiser.
अटकलबाजी	स्त्री.	अटकल लगाना।	اَندازٕ کرُن	अंदाज़ु करुन	guess, conjecture, appraisal, indulging in guess work etc.
अटकाना	स. क्रि.	1. रोकना;	رُکاوُن؛	रुकावुन;	to prevent, to hinder;
		2. अडंगा लगाना, बाधा पहुंचाना;	ٹھوٗنٛٹھ اَنُنۍ؛	ठूंठ अनुन्य;	to obstruct, hinder, impede;
		3. किसी के साथ अस्थायी रूप से लगाए रखने के लिए कुछ जोड़ना, बांधना या लगाना।	پھساوُن	फसावुन	to fasten to join temporarily.
अटकाव	पुं.	1. अटकने या अटकाने की क्रिया या भाव;	رٛوٗٹ؛	रोट;	hindrance, prevention;
		2. रुकावट, रोक;	رُکاوٹھ؛	रुकावठ;	arrest, stop;
		3. अड़चन, बाधा।	تھوٗس	थुस	obstacle, impediment.
अटना(अंटना)	अ. क्रि.	1. पूरा पड़ना, काफी होना;	پوشُن؛	पोशुन;	to be filled up, to be full;
		2. समाना।	واتُن	वातुन	to be contained (in), to come or fit (into).
अटपटा	वि.	1. ऊटपटांग, व सिर-पैर का, असंबद्ध;	ہٹہِ لٹہِ رٛوٗس؛	हटि लटि रोस;	incongruous, odd;
		2. कठिन, विकट;	کھٹھٕن، مُشکِل؛	कठ्युन, मुश्किल;	intricate, difficult;
		3. शरारतपूर्ण (आचरण)।	سیچَل	सेचल	crooked, crossgrained, perverse.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अटपटाना	अ. क्रि.	1. अटकना;	روٹہ گژھن ؛	रोटु गछुन;	to speak incoherently or at random, to talk nonsense;
		2. लड़खड़ाना;	لیتھ کھوکھرِ پکُن ؛	लिथु खुखुरि पकुन;	to stammer, to stagger;
		3. घबराना;	گابرُن ؛	गाबरुन;	to be agitated, or restless, or confused, to be tired;
		4. संकोच करना, हिचकना।	منٛدچھُن	मंदछुन	to vacillate, waver, hesitate.
अटल	वि.	1. अपने स्थान से न हटने वाला, अचल;	نہ ڈلن وول ؛	न डलन वोल;	immovable, fixed;
		2. दृढ़ , पक्का, अपरिवर्तनीय;	دۆر ؛	दोर;	firm, resolute, unchangeable;
		3. अवश्यंभावी, निश्चित;	باوی ، سپدن وول ؛	बावी, सपदन वोल;	not to be averted, avoided or escaped;
		4. नित्य।	ہمیشہ	हमेशि	permanent, stationary.
अटवी	स्त्री.	जंगल, वन।	وَن	वन	forest, wilderness.
अटाटूट	वि.	1. बेशुमार;	بے شُمار ؛	बेशुमार;	unlimited, numberless;
		2. अत्यधिक।	وارِیاہ	वार्याह	excessive, very much.
	क्रि. वि.	एकदम से।	یکھدم ؛ بِلکل	यखदम; बिल्कुल	suddenly, all of a sudden.
अटारी	स्त्री.	1. घर के ऊपरवाला कमरा, कोठा;	کانی ؛	कानी;	garret room, terrace;
		2. एक से अधिक खंडों वाला पक्का मकान।	کوٗٹھۍ	कूठय	multi-storeyed house.
अटाला	पुं.	1. ढेर, राशि;	ڈیر ؛	डेर;	heap, pile, mass, store, stock;
		2. असबाब।	اسبابہٕ	असबाबु	goods, effects, baggage, materials, articles.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अटूट	वि.	1. जिसका क्रम बीच में न टूटे, अखंडित; 2. बहुत अधिक; 3. जो तोड़ा या फोड़ा न जा सके।	اوٹوٹ؛ سیٹھاہ؛ یِنہٕ پھٹہٕ	ओ़टूट; स्यठाह; यिनु फुटि	unbreakable, firm; abundant; indestructible.
अटेरन	पुं.	लकड़ी का एक चौखटा जिस पर सूत लपेट कर उसकी आंटी या लच्छी बनाई जाती है।	پرۄت	प्रोत	reel or skein of thread.
अट्टहास	पुं.	खूब जोर की हंसी, ठहाका।	اسن کھنگالہٕ	असन खंगालु	loud laughter, a horse laugh.
अट्टालिका	स्त्री.	1. महल; 2. बड़ा और ऊंचा मकान।	محل خانہٕ؛ منٛدور	महल खानु; मंदोर	palace; house of two or more storeys, high house.
अट्ठाईस	वि.	जो गिनती में बीस और आठ हो (28)।	اَٹھوُوہ	अ॑ठोवुह	twenty-eight.
अट्ठानवें	वि.	जो गिनती में नब्बे और आठ हो (98)।	ارنمتھ	अरुनमथ	ninety-eight.
अट्ठारह (अठारह)	वि.	जो गिनती में दस और आठ हो (18)।	ارداہ	अरुदाह	eighteen.
अट्ठावन	वि.	जो गिनती में पचास और आठ हो (58)।	اروٗنزاہ	अरुवंज़ाह	fifty-eight.
अट्ठासी (अठासी)	वि.	जो गिनती में अस्सी और आठ हो (88)।	ارشیتھ	अरुशीथ	eighty-eight.
अठखेली	स्त्री.	1. अल्हड़पन, मस्ती और विनोद से भरी चंचलता, चुलबुलापन; 2. उक्त चंचलता के कारण दूसरों से की जाने वाली छेड़छाड़, किलोल।	گنٛدٕ باشہٕ؛ کھنٛدٕ	गिंदु बाशि; खिंदु	playfulness; merriment.
अठन्नी	स्त्री.	आठ आने का सिक्का।	اٹھانۍ	आ॑ठा॑नी	half-rupee coin.
अठवारा	पुं.	आठ दिन का समय; सप्ताह।	ہفتہٕ	हफ्तु	period of eight days, week.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अठहत्तर (अठत्तर)	वि.	जो गिनती में सत्तर और आठ हो (78)।	ارستھ	अरुसतथ	seventy-eight.
अडंगा	पुं.	1. अटकाव, रोक, रुकावट, बाधा;	رکاوٹھ؛	रुकावठ;	obstacle, hindrance;
		2. कुश्ती का एक दांव जिसमें प्रतिद्वन्द्वी को गिराने के लिए उसकी टांगों में अपनी टांग फंसाई जाती है;	وۄٹھکھور؛	वुट्खूर;	entangling the legs so as to trip (in wrestling);
		3. छत,खपरैल आदि को रोकने के लिए उसके नीचे लगाई जाने वाली लकड़ी, रोक।	ڈکھ؛ پنڈ	डख; पंडु:	prop, support.
अडंगेबाज	वि.	दूसरों के काम में अडंगा लगाने या रुकावट डालने वाला।	تھوس انن وول	थुस अनन वोल	obstructionist.
अड़	पुं.	1. जिद्द, दृढ़ हठ; 2. अड़चन,बाधा।	ہوڈ؛ رکاوٹھ	हुड; रुकावठ	obstinacy; impediment, difficulty.
अड़चन	स्त्री.	रुकावट,बाधा।	رکاوٹھ	रुकावठ	obstacle.
अड़तालीस	वि.	जो गिनती में चालीस और आठ हो (48)।	ارتاجی	अरतोजी	forty-eight.
अड़तीस	वि.	जो गिनती में तीस और आठ हो (38)।	ارترہ	अरुत्रुह	thirty-eight.
अड़ना	अ. क्रि.	1. हठ करना;	رکھ لاگن؛	रुखि लागुन;	to wrangle, contend;
		2. बीच में रुकना या फंसना।	پھسن	फसुन	to come into collision, become interlocked (as the wheels of vehicles), to come to stop or stand still.
अड़सठ	वि.	जो गिनती में साठ और आठ हो (68)।	اڑہاٹھ	अड़होठ	sixty-eight.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अड़ाना	स. क्रि.	(किसी का मार्ग या गति) रोकने के लिए बीच में कुछ लगाना, अटकाना;	ٹھوس اَنُن؛	थ्रुस अनुन्य;	to bar progress, to make to stop;
		2. ठूंसना;	سِتُن؛	सुतुन;	to ram, thrust, shove, push;
		3. बाधा या विघ्न उपस्थित करना।	رکاوٹھ؛ ترٛاوُن	रुकावठ त्रावुन्य	to obstruct, impede, check.
अडिग	वि.	जो अपनी जगह या बात से न हटे, अचल, अटल।	اٹل	अटल	firm, immovable, steady.
अड़ियल	वि.	1. चलते समय बीच में रह रह कर अड़ने या रुकने वाला ;	ہوڈل	हुडल	mulish, gibbing (horse);
		2. हठी, जिद्दी।			obstinate, headstrong.
अड़ी	स्त्री.	1. ऐसी स्थिति जिसमें आगे बढ़ना कठिन हो;	وقتِ سخ؛	वक्ति सख;	exigency, critical situation;
		2. बाधा, रुकावट;	رکاوٹھ؛	रुकावठ;	obstruction;
		3. जिद, हठ।	ہٹھ	हठ	obstinacy.
अड़ोस-पड़ोस	पुं.	आसपास, पास-पड़ोस।	ہمسایہ گری	हमसायिगरी	vicinity, neighbourhood.
अड़ोसी-पड़ोसी	पुं.	पास पड़ोस में रहनेवाले।	حکھ ہمسایہ	हख हमसायि	neighbours.
अड्डा	पुं.	1. टिकने, ठहरने या बैठने का स्थान;	اڈ - تھار؛	अड्ड, थार;	place for halt or stoppage, stand;
		2. वह स्थान जहां कुछ लोग **टिककर** बैठते और अपना काम करते हैं;	ماٹھ؛	माठ;	base;
		3. किसी वर्ग के लोगों, सवारियों आदि के इकट्ठे होने का स्थान।	سمن جاے	समनजाय	place of assembly resort.
अढाई	वि.	जो संख्या में दो और आधा हो, ढाई।	ڈاے	डाय	two and a half
अणु	पुं.	1. किसी तत्व या धातु का वह बहुत छोटा	اٹم - ذرٕ؛	अटम, ज़रु;	atom;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		टुकड़ा या अंग जिसमें उसके सभी संयोजक अंश वर्तमान हों;			
		2. अत्यन्त सूक्ष्म मात्रा या वस्तु;	ذرٕ	ज़रु;	minute particle, molecule;
		3. अत्यन्त सूक्ष्म मात्रा।	نِکہٕ کھوتہٕ نیٛک تہٕ زٲوِیُل مادٕ	निकि ख़ुतु न्युक तु ज़ौव्युल मादु;	the smallest perceptible quantity.
अणुबम	पुं.	एक प्रकार का बम जिसमें रासायनिक क्रियाओं द्वारा अणु का विस्फोट होता है तथा जिसके फलस्वरूप भीषण और व्यापक संहार होता है।	اٹم بم	अटम बम	atom bomb.
अणुवाद	पुं.	1. वह दर्शन जिसमें जीव या आत्मा को अणु माना गया हो;	انُو واد (فلسفٕ) ؛	'अनु' वाद (फलसफ़ु);	the doctrine of atoms, the theory that all material substances are primarily atoms and secondarily aggregates and that all atoms are eternal;
		2. वैशेषिक दर्शन।	ویٖشیشِک فلسفٕ	वैशेशिक फलसफ़ु	the Vaisheshik system of Hindu philosophy which regards soul as an atom.
अणुव्रत	पुं.	जैन धर्म के अनुसार गृहस्थ के मूल व्रत।	جیٖن درمہ مطابق اکھ فرض	जैन दर्मु मुताबिक अख फरुज़	name of the (twelve) small duties or vows of the layman adhering to the Jain faith.
अत:	क्रि. वि.	इसलिए, इस कारण।	اَوے	अवय	hence, therefore.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अतएव	क्रि. वि.	1. इसलिए, इस कारण; 2. इसीलिए, **इसी कारण**।	اَوے کِنؠ؛ اَمی مُوکھ	अवय किन्य; अमीमुखु	therefore; for this very reason.
अतप्त	वि.	जो तप्त या गर्म न हो।	ترٗن	तुरुन	not heated, cool.
अतर (इत्र)	पुं.	फूलों का आसवन करके तैयार हुआ एक सुगंधित तरल पदार्थ, पुष्पसार, इत्र।	عَطِر، فٔلیل	अंतुर, फैल्यल	perfume, essence, scent (of flowers).
अतल	वि.	1. तलहीन; 2. अथाह।	وۄنتہٕ رۄس؛ سیٹھاہ سۄن	वोन्तु रोस; स्यठाह सोन	bottomless; very deep, unfathomable.
अतार (अत्तार)	पुं.	1. इत्र या सुगंधित तेल आदि बनाने या बेचने वाला; 2. यूनानी दवाएं बनाने और बेचने वाला।	عطار، بُہُر عطرٕ وۄنؠ؛ دواہ ساز، بُہُر	अतार, बुहुर अंतुरि-वोन्य; दवाह साज़, बुहुर	a seller of perfumes, perfumer, an apothecary; a druggist.
अति	स्त्री.	मर्यादा या सीमा का उल्लंघन करने वाली अधिकता, अतिशयता, अतिरेक।	زیادٕتی	ज़्यादुती	excess.
	उप.	एक उपसर्ग जो संज्ञा के पूर्व आने पर अतिशयता, सीमोल्लंघन, श्रेष्ठता, प्रशंसा आदि का और विशेषण तथा अव्यय के पूर्व आने पर आधिक्य का सूचन करता है।	برۄنٛہہ لوگ	ब्रोंह लोग	a prefix used with adjectives and adverbs, expressing the sense of beyond, over or at the top of.
अतिक्रमण (अतिक्रम)	पुं.	1. उचित मर्यादा या नियत सीमा से आगे बढ़ना; 2. अपने अधिकार, कार्य-क्षेत्र आदि की सीमा पार कर के ऐसी जगह पहुंचना जहां जाना या रहना अनुचित अवैध या मर्यादाविरुद्ध हो, सीमा का अनुचित उल्लंघन।	حد نیرُن؛ خلاف ورزی	हुद नेरुन; खलाफ़वर्ज़ी	overstepping; violation, transgression.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अतिक्रांत	वि.	1. जिस का अतिक्रमण या उल्लंघन किया गया हो;	حدِ ڈۆل مُت؛	हद डोल मुत;	transgressed, surpassed;
		2. बीता हुआ, अतीत।	پێتیُم، پَتھ کالێک	पत्युम, पथकाल्युक	past, gone beyond.
अतिचार	पुं.	1. औचित्य, सीमा या मर्यादा का उल्लंघन, अतिक्रमण;	حدِ ڈلُن؛	हद डलुन;	surpassing;
		2. अपने अधिकार या अधिकृत सीमा के बाहर अनुचित रूप से अपने सुख-सुभीते के लिए इस प्रकार आगे बढ़ना कि दूसरे के अधिकार या सुभीते में बाधा पहुंचे।	بێیِس لتہٕ مۆنڈ کرِتھ نیرُن	बेयिस लतुमुंड करिथ नेरुन	transgression.
अतिचारी	वि.	1. अतिचार या अतिक्रमण करने वाला;	حدِ ڈلن وول؛	हद डलन वोल;	surpassing;
		2. सीमा का अनुचित रूप से उल्लंघन करने वाला	بێیِس لتہٕ مۆنڈ کرِتھ نیرن وول	बेयिस लतुमुंड करिथ नेरन वोल	transgressing.
अतिथि	पुं.	अभ्यागत, मेहमान।	پوٗتھ	पोछ	guest, newcomer.
अतिथि-सत्कार	पुं.	अतिथि की आवभगत और सेवा-सत्कार।	پُژھی لاژی	पछय लाज़ी	hospitality, hospitable reception of guests.
अतियथार्थ-वाद	पुं.	कला और साहित्य के क्षेत्र में एक आधुनिक सिद्धांत जिसमें सर्वमान्य भौतिक तथा मानवीय सिद्धांतों की उपेक्षा करके अवचेतन या उपचेतन के सहारे कोरे काल्पनिक तथा स्वप्निक क्षेत्रों की बातों को सब कुछ मान कर उन्हींके आधार पर जीवन की विकृत दशाओं का चित्रण किया जाता है।	سرریَل اِزم	सररियलइज़म	sur-realism.
अतियथार्थ-वादी	वि.	अतियथार्थवाद संबंधी, अतियथार्थवाद का।	سرریلسٹک	सररियलिस्टिक	sur-realistic.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	पुं.	वह जो अतियथार्थवाद का अनुयायी, पोषक या समर्थक हो।	سَرریلِسٹ	सररियलिस्ट	sur-realist.
अतिरंजन	पुं.	बढ़ाचढ़ा कर कहना।	مُبالغہٕ، تھُرکھارُن	मुबालगु, थुर खारुन	exaggeration.
अतिरंजित	वि.	बढ़ाचढ़ा कर कहा हुआ।	یتھ منٛز مبالغہٕ آسِہ	यथ मंज़ मुबालगु आसि	exaggerated.
अतिरिक्त	वि.	1. साधारणतः जितना होना हो या होना चाहिए उससे अधिक;	علاوٕ، ہُریمانہٕ؛	अलावु, हुरेमानुः;	additional, extra;
		2. जितना काम में आता हो या आया हो उससे अधिक;	فالتوٗ؛	फालतू;	redundant, excessive;
		3. आवश्यकतावश बाद में जोड़ा या बढ़ाया गया;	امہِ علاوٕ؛	अमि अलावु;	in addition, moreover;
		4. पृथक, भिन्न।	ورأے	वरांय	besides, except. other than.
अतिरेक	पुं.	1. आवश्यकता से अधिक होने की अवस्था, गुण या भाव, आधिक्य;	ہُریمانہٕ؛	हुरेमानु;	excess, surplus;
		2. अनावश्यक, अनुपयुक्त या व्यर्थ की अधिकता।	فالتوٗ آسُن	फालतू आसुन	redundancy.
अतिवाद	पुं.	1. किसी विषय में औचित्य की सीमा से बहुत आगे बढ़ जाने का अभ्यास या सिद्धांत जो आतुरता, उग्रता आदि का सूचक है;	مبالغہٕ، رزِ ریہہ؛	मुबालगु, रज़ि रेह;	exaggeration;
		2. राजनीतिक, सामाजिक आदि क्षेत्रों में यह मत या सिद्धांत कि चाहे जैसे हो, सभी प्रकार के दोष अभी दूर कर दिए जाएं।	انتہاپسندی، حدٕ دراویر	इनतिहा पसंदी, हदु द्राव्यर	extremism.
अतिवादी	वि.	अतिवाद का, अतिवाद संबंधी।	انتہاپسندی	इनतिहा पसंदी	extremist.
	पुं.	अतिवाद के सिद्धांत का अनुयायी।	انتہاپسندی	इनतिहा पसंदी	extremist.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अतिवृष्टि	स्त्री.	इतनी अधिक वर्षा जो खेती आदि को नुकसान पहुंचाने वाली हो।	رُودِ رُودَے	रूदु रूदय	excessive or heavy rain.
अतिशय	वि.	बहुत अधिक।	جادِ	जादु	excessive, abundant.
	पुं.	अधिकता, अतिरेक।	جادِتی	जादुती	excess, abundance.
अतिशयता	स्त्री.	परम अधिकता।	جادِتی	जादुती	excessiveness, abundance.
अतिशयोक्ति	स्त्री.	1. बहुत बढ़ाचढ़ा कर कही हुई बात, अतिरंजना;	مبالغہٕ؛	मुबालग;	exaggeration;
		2. एक अर्थालंकार जिसमें किसी वस्तु का बहुत अधिक बढ़ाचढ़ा कर वर्णन किया जाता है।	مبالغہٕ، رزِہ ریہہ	मुबालग, रज़ि रेह	hyperbole.
अतिसार	पुं.	दस्त या आंत की बीमारी।	دستہٕ، زٕہیر	दस्त, ज़हीर	diarrhoea, dysentery.
अतींद्रिय	वि.	जिसका ज्ञान इंद्रियों से नहीं हो सकता हो।	یہِ نہٕ ژیننہٕ ییہِ	यि न चेननु यियि	beyond the cognizance (reach) of the senses.
अतीत	पुं.	भूतकाल।	پتھ کال	पथ काल	past.
	वि.	1. बीता हुआ;	گومُت؛	गोमुत;	gone beyond, past;
		2. माया-मोह आदि से रहित।	ممتایہِ رۆس	ममतायि रोस	free from or devoid of worldly attachment.
अतीव	वि.	1. बहुत अधिक;	سیٹھاہ جادِ؛	स्यठाह जादु;	excessive;
		2. बढ़ाचढ़ा।	پیٹھۍ	पेठ्य	exceeding.
अतुल	वि.	1. जिसकी तौल-माप या अनुमान न हो सके, अमित, असीम;	اَتول؛	अतूल;	immeasurable, incalculable;
		2. बहुत अधिक;	سیٹھاہ بوڑ؛	स्यठाह बोड;	very great;
		3. तुलनारहित।	بےمِثال	बेमिसाल	matchless, incomparable.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अतुलनीय	वि.	1. जिसकी तुलना या बराबरी न की जा सके, बेजोड़ ;	جوٗرِ بغار؛	जोर् बगार;	incomparable;
		2. अपरिमित; असीम।	بے حد	बेहद	limitless.
अतुलित	वि.	1. अपरिमित;	حدٕ روٗس؛	हद् रोस;	boundless;
		2. असंख्य;	بےٚ شمار؛	बेशुमार;	innumerable;
		3. अनुपम, बेजोड़;	جوٗرِ روٗس؛	जोर् रोस;	incomparable;
		4. बिना तोला हुआ।	تولنہٕ ورأے	तोलन् वराय	not weighed.
अतुल्य	वि.	1. अनुपम, बेजोड़;	بےٚ مقابلہٕ؛	बेमुकाबलु;	incomparable;
		2. जो तुल्य न हो, असमान।	بےٚ نظیر، بےٚ مثال	बेनज़ीर, बेमिसाल	matchless, unequalled.
अतृप्त	वि.	जो तृप्त न हुआ हो, जिसका मन अभी न भरा हो, असंतुष्ट।	غار مطمین، بےٚ سیر	गार मुतमयिन, बेसीर	unsatisfied.
अतृप्ति	स्त्री.	अतृप्त होने की अवस्था या भाव, असंतोष।	بےٚ اطمینانی، بےٚ سیری	बे इतमिनानी, बेसीरी	unsatisfied condition, insatiability.
अत्यंत	वि.	1. बहुत अधिक, अत्यधिक;	سیٹھاہ جادٕ؛	स्यठाह जादु;	very, very much, excessive;
		2. जो उचित अंत या सीमा से बहुत **बढ़ा हुआ हो**।	بےٚ انتھ، انتھ روٗس	बे आंथ, आंथु रोस	beyond the proper end or limit.
अत्याचार	पुं.	1. आचार का अतिक्रमण;	برخلافی؛	बरखलाफी;	deviation from prescribed observances;
		2. किसी को सताने या कष्ट देने के लिए किया जाने वाला व्यवहार, जुल्म, उत्पीड़न, अन्याय।	ظُلُم	ज़ुलुम	tyranny, oppression, unjust behaviour.
अत्याचारी	वि.	1. अत्याचार करने वाला;	ظُلُم کرن وول؛	ज़ुलुम करन वोल;	one transgressing the prescribed observances;
		2. दूसरों को कष्ट पहुंचाने वाला, जालिम, उत्पीड़क।	ظالم	ज़ालिम	tyrant, despot.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अत्याज्य	वि.	जिस को छोड़ना उचित न हो, जो छोड़ा ना जा सके।	یُس نہٕ ژراوُن پزِ	यु॒स नु त्राव॒न पज़ि	not fit to be abandoned.
अत्युक्ति	स्त्री.	1. बहुत अधिक बढ़ाचढ़ा कर कही हुई बात, अतिरंजित बात;	مُبالغہٕ؛	मु॒बालग॒;	exaggeration, excessive talking;
		2. एक अलंकार जिसमें किसी की उदारता, यश, वीरता आदि का अतिरंजित वर्णन किया जाता है।	مُبالغہٕ، رزِہ ریٚہہ	मु॒बालग॒, रज़ि रेह	hyperbole.
अथक	वि.	1. जिसमें थकावट या रुकावट न आई हो;	یُس نہٕ تھوکہٕ مُت آسِ؛	यु॒स नु थो॒कुमु॒त आसि;	unwearied;
		2. जो कभी न थके, अश्रान्त।	یُس نہٕ زانٛہہ تھکہِ	यु॒स नु ज़ांह थकि	tireless.
अथवा	अव्य.	एक अनुकल्पवाचक अव्यय जो यह सूचित करता है कि कही हुई दो या दो से अधिक बातों, वस्तुओं आदि में से कोई एक ली जानी चाहिए, या, वा।	یا ، نتہٕ	या, नु॒तः	or (when repeated) either or, or rather, or perhaps.
अथाह	वि.	1. बहुत गहरा, अगाध;	وۄنتہٕ رۄس؛	वोन्तु॒ रो॒स;	bottomless, very deep, unfathomable;
		2. अपार, बेहिसाब;	بےٚحِساب؛	बे॒हिसाब;	immeasurable, beyond limit;
		3. अगम्य	یۄت نہٕ واتِتھ ہیکو	यो॒त नु वातिथ ह्यकव	unfordable.
अदंडनीय	वि.	1. जो दंड पाने के योग्य न हो, अदंड्य;	یَس نہٕ سزاہ کھسِہ؛	यस नु सज़ाह खसि;	not deserving punishment;
		2. दंडमुक्त।	سزاہہ نِشہِ مُچھ	सज़ाहु॒ निशि मु॒छि	exempt from punishment.
अदद	पुं.	गिनती के काम के लिए कोई पृथक और स्वतंत्र इकाई।	عدد	अदद	number, figure.
अदब	पुं.	1. बड़ों का आदर-सम्मान;	یَزتھ، آدر؛	यज़थ, आदर;	respect;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. विनय, शिष्टाचार।	ادب، تہذیب	अदब, तहज़ीब	etiquette, good manners.
अदम्य	वि.	1. जिसका दमन न हो सके;	یہ نہٕ دٕبہٕراوِتھ تھوِتھ ہیکون؛	यि न दबरोविथ थविथ ह्यकोन;	that which cannot be subdued, untamable;
		2. उत्कट, प्रचंड, प्रबल।	یُس نہٕ ہمہ	युस नु हमि	indefatigable.
अदरक	पुं.	एक छोटा पौधा जिसकी जड़ तीक्ष्ण और चटपटी होती है और जो मसाले की तरह खाद्य पदार्थों में डाली जाती है, आदी।	ادرکھ	अदरख	green ginger (Amomum zinziber).
अदर्शन	पुं.	1. दर्शन का अभाव, दिखाई न देना;	گاشہٕ کامن؛	गाशि कामन;	non-vision, not seeing;
		2. लोप, नाश।	غاب گژھُن، ناش	गाब गछुन, नाश	disappearance, destruction.
अदलबदल	पुं.	हेरफेर, परिवर्तन।	پھِرٕتھُر	फिरुथुर	interchange, change, exchange.
अदवान (अदवाइन)	स्त्री.	चारपाई के पैताने की रस्सी।	چارپایہٕ رز	चारपायि रज़	the strings at the foot of a bedstead by which the cross strings are tightened or braced.
अदहन	पुं.	दाल, चावल आदि पकाने के लिए आग पर चढ़ाकर गरम किया जाने वाला पानी	وے لدنُک پونٛ	वय लदनुक पोञ्	water set to boil for the dressing of victuals.
अदा	स्त्री.	1. हाव-भाव, मोहक अंगभंगी या चेष्टा;	ادا، وَر، پاتھُر؛	अदा, वर, पाथुर;	amorous signs and gestures;
		2. ढंग।	طریقہٕ	तरीकु	manner.
	वि.	1. चुकता किया हुआ;	نکھہٕ وولمت؛	नखु वोलमुत;	paid;
		2. पालन या संपन्न किया हुआ।	کورمٕت، کرٕوومت	कोरमुत, क्रोबमुत	performed, done, complied with.
अदायगी	स्त्री.	भुगतान, चुकता करना।	ادایگی	अदायगी	payment of money, fulfilment.
अदायाद	वि.	1. जो सपिंड या सगोत्र न हो;	یُس نہٕ یکجدی (سوگوتری) آسہٕ؛	युस नु यकजदी (स्वगूत्री) आसि;	not entitled to be an heir;
		2. जो उक्त कारण से संपत्ति का उत्तराधिकारी न हो सके।	یُس نہٕ وارث آسہٕ	युस नु वारिस आसि	non-heir.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अदालत	स्त्री.	न्यायालय।	عَدالتھ	अदालथ	court of justice.
अदालती	वि.	1. न्यायालय संबंधी;	عدالتُک ؛	अदालतुक;	pertaining to a court;
		2. न्यायालय में या न्यायालयं की ओर से होने वाला।	قونوٗنی	कोनूनी	judicial, legal.
अदावत	स्त्री.	1. वैर, शत्रुता;	ضِد ؛	ज़िद;	enmity, hatred, hostility;
		2. द्वेष।	رُشس	रुश	malice.
अदूरदर्शी	वि.	जो दूर तक की बात न सोच सके।	ژھوچِ نظرِ وول	छ़वचि नज़रि वोल	short-sighted.
अदृश्य	वि.	1. जो दिखाई न दे; 2. जो देखा न जा सके; 3. लुप्त, गायब।	اَدرینٹھ ؛ یُس نہٕ دٕرینٹھ مانہٕ ییِیہ ؛ غاٚب گومُت	अद्रेंठ; युस न द्रेंठमानु यियि; गॉब गोमुत	invisible,latent; not capable of being seen; disappeared.
अदृष्ट	वि.	1. न देखा हुआ; 2. अदृश्य; 3. अज्ञात, अननुभूत।	اوٗچھ ؛ یہِ نہٕ بوزنہٕ ییِیہ اَزوٗن	अवुछ; यि नु बोज़नु यियि अज़ोन	unseen; invisible; unforeseen.
	पुं.	भाग्य,प्रारब्ध।	لوٗن ، قِسمتھ	लोन, कुस्मथ	destiny, fate, luck, bad luck.
अदृष्टपूर्व	वि.	1. जो पहले न देखा गया हो; 2. अद्‌भुत, विलक्षण।	یہِ نہٕ برٛونٹھ وُچھ ؛ غاٚر مومُوٗلی	यि नु ब्रोंठ वुछ; गॉर मोमूली	never seen before; extraordinary.
अदृष्टवाद	पुं.	वह सिद्धांत या वाद जिसमें पाप पुण्य आदि का फल परलोक में मिलना माना जाता है।	کرمن (عملن) ہُند پھل پرلوٗکس مَنز بوگُن یا سزا جزا میلُن	कर्मन (अमलन) हुंद फल परलूकस मंज बुगुन या सज़ा जज़ा मेलुन	fatalism.
अद्‌धा	पुं.	1. किसी वस्तु का आधा अंश, तोल या नाप; 2. वह बोतल जो पूरी बोतल की आधी हो; 3. आधा बोतल शराब।	اوٗڈ ؛ اَڈ بوتل ؛ اد	ओड; अड बोतल; अदु	half, half measure; half pint bottle; half bottle of wine.
अद्‌भुत	वि.	विचित्र, अनोखा, विस्मयजनक, आश्चर्यजनक।	عجیب	अजीब	strange, curious, wonderful, marvellous.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अद्भुत रस	पुं.	काव्य के नौ रसों में से एक जिसका स्थायी भाव विस्मय है।	نوو (ادبی) رسوٕ منٛز اکھ رس یا آشچر	नोव (अदबी) रसव मंज़ु अख रस या आशचर	sentiment of wonder-one of the nine rasas in Indian literature.
अद्यतन	वि.	आज का, आज से संबंध रखने वाला।	اَزیُک	अज़्यक	extending over or referring to to-day, modern, uptodate.
अद्वितीय	वि.	जिसके जोड़ या बराबरी का कोई दूसरा न हो, बेजोड़, अनुपम।	جوٗر روٗس، نیرُل	जोर रोस, न्यरुल	without a second, sole, unique, matchless.
अद्वैत	पुं.	1. जिसमें द्वैत या भेद का अभाव हो;	یس نہٕ دۄیی آسہِ؛	यस नु दुयी आसि;	destitute of duality, having no duplicate, peerless;
		2. जीवन और ब्रह्म या जड़ और चेतन की एकता।	پرماتمانہٕ اِنسانس سُند کُن سپدُن، وحدت	परमात्मा तु इनसान् सुन्द कुन सपदुन, वुहदत	identity of Brahm or of Paramatman or Supreme Soul with the Jivatman or human soul, identity of spirit and matter.
अद्वैतवाद	पुं.	वेदान्त का वह सिद्धांत जिसमें जीव और ब्रह्म को एक माना जाता है और ब्रह्म के सिवा शेष सब वस्तुओं या तत्त्वों की सत्ता अवास्तविक या असत्य मानी जाती है।	(فلسفہٕ) ویدانٛتُک اُصوٗل ییٚمہِ کِنۍ زیو آتمانہٕ پرماتما کُنۍ مانان چھِن، وحدت	(फलसफ़ु) वीदांतुक ओसूल येमि किन्य ज़ीव आत्मा तु परमात्मा कुनुय मानान छिन, वुहदत	monism.
अध:पतन	पुं.	1. नीचे की ओर गिरना;	زوال؛	ज़वाल;	downfall;
		2. पतन, अधोगति, अवनति;	بربادی	बरबादी	ruin;
		3. दुर्गति, दुर्दशा।	بدحال، دۄرگتھ	बदहाल, दुर्गध	ill-luck, misfortune
अधकचरा	वि.	1. अपक्व;	اڈپوٚپ، خام؛	अडुपोप, खाम;	half baked, half ripe;
		2. अधूरा;	اوم؛	ओम;	immature;
		3. आधा कूटा या आधा पीसा हुआ।	اڈ پھوٚٹ، اڈدۄگ	अड फ़ोट, अडुद्गोग	half dressed (victuals).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अधकरी	स्त्री.	मालगुजारी, किराये आदि की आधी किस्त।	نِصِف قِسط	न्यसुफ कुस्त	an instalment of fifty paise in a rupee.
अधखिला	वि.	अर्धविकसित।	اڈِ پھوٗل	अडफोल	half bloomed.
अधजला	वि.	आधा जला हुआ।	اڈِ دوٗد	अडुदोद	half burnt.
अधपका	वि.	जो अभी आधा ही पका हो, पूरी तरह से न पका हुआ।	اڈِ پوٗپ ، اڈِ چھوو	अडुपोप, अडुछोव	half-ripe, half cooked, half baked.
अधम	वि.	1. नीच, निकृष्ट, निम्न कोटि का; 2. दुष्ट; 3. पापी; 4. नीचतम।	نیٖوٗچ ، کمیٖنہٕ ؛ بدذاتھ ؛ گوناہ گار، پاپی ؛ سیٹھاہ کمیٖنہٕ	न्यूच, कमीनु; बदज़ाथ; गुनाहगार, पॉपी; स्यठाह कमीनु	mean, vile, low; villainous; sinful; lowest, vilest, worst.
अधमरा	वि.	अर्धमृत, मृतप्राय।	اڈِ موٗر	अडुमोर	half-dead.
अधर	पुं.	1. ओठ (ऊपर या नीचे का); 2. धरती और आकाश के बीच का स्थान, अंतरिक्ष।	بۄنیُم وٹھ ؛ خلاہ ، شِنی	ब्रोन्युम वुठ: खलाह, शिन्य	lower or upper lip; empty space, the space between heaven and earth, intervening space.
अधराधर	पुं.	नीचे का ओठ।	بۄنیُم وٹھ	बोन्युम वुठ	lower lip.
अधरोष्ठ	पुं.	नीचे का ओठ।	بۄنیُم وٹھ	बोन्युम वुठ	lower lip.
अधर्म	पुं.	1. **धर्मविरुद्ध** कार्य; 2. पाप; 3. अकर्तव्य; 4. अन्याय।	کُفر ؛ ادرم ؛ پاپھ ، گوناہ ؛ ناشایاں کام ؛ ناانصافی ، انیاے	कुफुर; अंदरुम; पाफ, गुनाह; नाशायां कॉम; ना इनसॉफी, अन्याय	irreligion, wrong or sinful act; sin, vice; unrighteousness; injustice.
अधर्मी	वि.	अधर्म करने वाला, पापी।	کافِر	कॉफिर	irreligious, sinful, wicked.
अधिक	वि.	1. बहुत; 2. औचित्य, सीमा आदि से आगे बढ़ा हुआ; 3. अतिरिक्त, फालतू।	سیٹھاہ ؛ جادہ ، پیٹھی ، ہُرےمانہٕ ؛ ہُرےمانہٕ	स्यठाह; जादु, पेठ्य, हुरेमानु:; हुरेमानु	more, much, many; exceeding, excessive; extra, additional, plentiful, abounding.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अधिकता	स्त्री.	1. बहुतायत;	جادٕتی، سولبہٕ؛	जादुती, सुलबु;	abundance, surplus, excess;
		2. बढ़ती, वृद्धि।	ہُرٕر	हुर्यर	increase, addition.
अधिकरण	पुं.	1. व्याकरण में क्रिया के आधार की बोधक संज्ञा या सातवां कारक;	(ادکرن) سنسکرت گریمرٕک اکھ اصطلاح— 'منز'، تہٕ 'پیٹھ'،	(अधिकरण) संस्कृत ग्रेमरुक अख इस्तिलाह– 'मंज़' तु 'प्यठ'	the locative case;
		2. किसी विशिष्ट उद्देश्य से नियुक्त किया हुआ कोई न्यायालय।	پنچاٹھ	पंचाठ	tribunal.
अधिकांश	पुं.	अधिक अंश या भाग, बड़ा भाग।	بوٚڈ حِصہٕ	बोड हिसु	majority of, greater portion or part.
	वि.	किसी वस्तु या समूह का आधे से अधिक (अंश या भाग),अधिकतर।	نیصف زیادہ	न्यसफ ज़्याद	more than half (part etc.),most of (something).
अधिकाधिक	वि.	अधिक से अधिक, ज्यादा से ज्यादा।	زیادٕ کھوتہٕ زیادہ	ज़्याद खोत: ज़्याद	maximum, more and more.
अधिकार		1. आधिपत्य, प्रभुत्व;	قبضہٕ، تھپھ؛	कब्ज़ु, थफ;	possession;
		2. हक, स्वत्व;	حق؛	हक़;	right, title;
		3. शक्ति;	طاقتھ؛	ताकथ;	power;
		4. पूर्ण जानकारी;	قوٗدرتھ؛	क़ुदरथ;	mastery, command;
		5. शासन, हुकूमत;	حوٚکوٗمتھ؛	होकूमथ;	authority, government,rule;
		6. योग्यता, पात्रता;	قأبلیتھ؛	कॉबिलियथ;	ability, eligibility;
		7. अधिकार क्षेत्र।	علاقہٕ	अलाक़ु	jurisdiction.
अधिकार-पत्र	पुं.	1. वह पत्र जिसमें किसी को कोई काम करने के लिए दिए हुए अधिकार का उल्लेख हो;	پروانہٕ؛	परवानु;	letter of authority;
		2. विशिष्ट क्षेत्र में राज्य या शासन की ओर से किसी व्यक्ति या समाज को मिलने वाले अधिकारों का सूचक पत्र।	حوٚکوٗکن ہند فہرس	होकूकन हुंद फिहरिस	charter.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अधिकारी	वि.	1. अधिकार रखने वाला;	قأبِض؛	काबिज़;	possessing authority;
		2. हकदार।	حق دار	हकदार	entitled to.
	पुं.	1. मालिक, स्वामी;	مالِک؛	मालिक;	owner;
		2. वह व्यक्ति जिसे कोई स्वत्व या हक प्राप्त हो;	حق دار؛	हकदार;	title-holder;
		3. वह जिसमें किसी विषय या कार्य की विशेष योग्यता हो;	موختار؛	मुख्तार;	authority;
		4. वह कर्मचारी जो किसी पद पर रह कर कोई काम करता हो।	افسر	अफसर	officer.
अधिकृत	वि.	1. अधिकार या कब्जे में आया या किया हुआ;	قبضہ کورمُت؛	कब्ज़ु कोरमुत;	taken into possession;
		2. जिस को कोई काम करने का अधिकार दिया गया हो;	موختار بناونہ آمُت؛	मुख़्तार बनावनु आमुत;	authorised;
		3. जिसको कोई काम करने का अधिकार हो;	مُقرر کورمُت؛	मुकरर कोरमुत;	appointed;
		4. किसी विषय की विशेष योग्यता या जानकारी से संपन्न।	سنَدیاف	सनद याफ	one possessed of authorised qualification.
अधिगम	पुं.	ज्ञान।	گیان	ज्ञान	learning.
अधिग्रहण	पुं.	अधिकार या अधियाचन द्वारा किसी की संपत्ति आदि लेना।	قبضہ حاصِل کرُن،	कब्ज़ु हासिल करुन,	acquisition.
अधिनायक	पुं.	1. अनियंत्रित तथा सर्वाधिकारसंपन्न शासक या अधिकारी;	ڈکٹیٹر؛	डिक्टेटर;	dictator;
		2. मुखिया, नेता, सरदार।	موقدم	मुकदम	chief, leader.
अधिनायकतंत्र	पु.	अधिनायक के अधीन चलने वाला शासन-प्रबंध, अधिनायक-शासित राज्य।	ڈکٹیٹری، تاناشاہی	डिकटेटरी, तानाशाही	dictatorship, autocracy.
अधिनियम	पुं.	देश या राज्य में व्यवस्था आदि के लिए विधायिका द्वारा पारित विधि।	قونون	कोनून	act (of legislation).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अधिभार	पुं.	किसी विशिष्ट कार्य के लिए या किसी परिस्थिति में अलग से अधिक लिया जाने वाला कर या शुल्क।	ہُرےمانہ ٹیکس	हुरेमानु टेकुस	surcharge.
अधिमान	पुं.	किसी वस्तु, व्यक्ति आदि को औरों से अधिक महत्त्व या मान देना, तरजीह, वरीयता।	ترجی	तरजी	preference.
अधिमास	पुं.	हर तीसरे वर्ष पड़ने वाला चांद्रमास, मलमास, लौंद का महीना।	ملہٕ ماس	मलुमास	an intercalated month.
अधिया	पुं.	1. आधा भाग या हिस्सा;	اڈ (اوڈ)؛	अडु (ओड);	division into two equal parts or shares;
		2. खेत जोतने-बोने की वह व्यवस्था जिसके अनुसार उपज आधा जमीन के मालिक को और आधा जोतने-बोने वाले को मिलता है।	اڈیُک، اڈِج	आड्यूक, आडिज	division of produce between two parties in equal shares, one furnishing the land seed etc..and the other the labour.
अधियाना	स. क्रि.	दो बराबर हिस्सों में बांटना।	اڈ اڈ کرُن	अड अड करुन	to halve, to divide into two.
अधियोग	पुं.	यात्रा के लिए ग्रहों का एक शुभ योग।	رُت ساتھ	रुत साथ	an auspicious conjunction of stars for departure expedition.
अधिवास	पुं.	निवास स्थान।	پُرن	पुरन	domicile
अधिवासी	वि.	निवासी।	بسکین	बसकीन	domiciled resident
अधिवेशन	पुं.	किसी बड़ी सभा या महासभा की लगातार होने वाली सब बैठकों का सामूहिक नाम, जलसा।	جلسہ	जलसु	session, sitting.
अधिष्ठता	पुं.	1. किसी कार्य की देखभाल करने वाला व्यक्ति;	موتبر، ادیشٹھاتا؛	मोतुबर, अदेश्ठाता;	one who presides over;
		2. मुखिया, अध्यक्ष;	زیٹھ؛	ज्युठ;	chief;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. मालिक, स्वामी;	مالکھ؛	मालिख;	owner, proprietor;
		4. नियामक।	حاکِم	हाकिम	governor.
अधिष्ठान	पुं.	1. निवास स्थान;	بسن جاے؛	बसन जाय;	residence, abode;
		2. जनपद;	بستی، سرے؛	बस्ती, सरय;	township;
		3. आधार, आश्रय।	بنیاد	बुन्ययाद	base, support.
अधिसूचना	स्त्री.	किसी बात की ओर विशिष्ट रूप से ध्यान आकृष्ट करने के लिए किसी को दी जाने वाली सूचना।	سرکارِ اطلاع	सरकारि इतला	notification.
अधीक्षक	पुं.	किसी कार्यालय या विभाग या अनुभाग का वह प्रधान अधिकारी जो अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की निगरानी करे।	سُپریڈنڈ	सुपरीडंड	superintendent.
अधीन	वि.	1. जो किसी के अधिकार, शासन या वश में हो, वशीभूत;	قوبوٗ؛	कोबू;	subject to or under the authority of;
		2. जिसे किसी बड़े अधिकारी की आज्ञा,आदेश आदि के अनुसार चलना पड़ता हो, मातहत;	ماتحت؛	मातुहत;	subordinate, subservient to;
		3. किसी पर अवलंबित या आश्रित।	آویزُ، لور	आवेज़ु, लोर	dependent.
अधीनता	स्त्री.	किसी के अधीन या वश में होने की अवस्था या भाव, परवशता।	ماتحتی	मातहती	subordination, dependence, subservience, subjection.
अधीर	वि.	1. धैर्यरहित, उतावला;	بےصبر؛	बेसबुर;	impatient;
		2. उद्विग्न, आकुल;	اَنتُ؛	आंतु;	restive;
		3. अस्थिर-चित्त।	پریشان	परेशान	confused, deficient in calm self-command.
अधुना	क्रि. वि.	अब, इस समय, आजकल।	وُپھل واے، ازکل	वुफल वाय, अज़कल	now, at this time, nowadays.
अधुनातन	वि.	आजकल का, आधुनिक।	اَزیُک	अज़्युक	belonging to the present times, modern.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अधूरा	वि.	1. जो पूरा न हो या जिसमें कोई कमी हो, अपूर्ण; 2. जो समाप्त न हुआ हो।	اۄڑ٘ے ؛ اَندواتنَے ، اڑلیٛوک	ओ़डुय; अंद वातनय, अडुल्योक	incomplete, half ready; unfinished.
अधेड़	वि.	जवानी और बुढ़ापे के बीच की अवस्था वाला।	اڈوٚر	अडवरु	middle-aged, just past the prime of li[fe]
अधोगति	स्त्री.	1. नीचे की ओर गति;	وسُن ؛	वसुन;	descent, down-ward movement;
		2. पतन :	زوال ؛	ज़वाल;	downfall;
		3. अवनति;	وۄزال ؛	वोज़ाल;	decline;
		4. मान-प्रतिष्ठा का ह्रास;	ذلالتھ ؛	ज़लालथ;	degradation;
		5. दुर्दशा।	مصیبتھ	मुसीबथ	misfortune.
अध्यक्ष	पुं.	1. किसी संघ, संस्था, समिति आदि का वह प्रधान व्यक्ति जो निश्चित अवधि तक कार्य संचालन के लिए उसके सदस्यों द्वारा चुना जाता है;	صدر ؛	सदुर;	chairman, president, head;
		2. स्वामी, मालिक।	مالِکھ	मालिख	master, lord.
अध्यक्षता	स्त्री.	अध्यक्ष होने की अवस्था या भाव, अध्यक्ष का आसन या पद।	صدارتھ	सदारथ	chairmanship, presidentship.
अध्ययन	पुं.	1. पढ़ने की क्रिया या भाव, पठन, पढ़ाई;	پٔرُن ؛	परुन;	reading;
		2. किसी विषय के सब अंगों या गूढ़ तत्वों का ज्ञान प्राप्त करने के लिए उसे देखना, समझना तथा पढ़ना।	مطالُہ ؛ ژھنڈُن	मुतालु; छ़ंडुन	study, learning.
अध्यवसाय	पुं.	कोई काम अच्छी तरह मन लगाकर तथा परिश्रमपूर्वक निरंतर करते रहने का गुण या स्थिति।	ہلُبلُ ، وۄٹھژھانٹھ	हलुबलु, वुठछ़ांठ	attempt, effort, exertion.
अध्यवसायी	वि.	1. उत्साही; 2. साहसी, परिश्रमी, धुनी।	ہیٚکُچ وول ؛ میٚحنٔتی	ह्यकुच वोल; मेहनती	energetic; enterprising, industrious, persevering.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अध्यात्म	पुं.	आत्मा-परमात्मा से संबंधित विचार-विवेचन या चिन्तन।	رُوحانی عٲلِم	रूहानी अंलिम	spiritual knowledge.
	वि.	आत्मा तथा परमात्मा से संबंधित।	آتماہس تہٕ پرماتماہس مُتلق	आत्माहस तु परमात्माहस मुतलक	concerning the spirit and the Supreme Being.
अध्यात्मवाद	पुं.	आत्मा-परमात्मा से संबंधित सिद्धान्त,विचार या विद्या।	رُوحانِیت، مارٕفتھ	रूहानियत, मार्यफथ	spiritualism.
अध्यादेश	पुं.	वह आधिकारिक आदेश जो किसी कार्य, व्यवस्था आदि के संबंध में राज्य के प्रधान शासक द्वारा दिया या निकाला गया हो।	سرکٲرِ فرمان	सरकारि फरमान	ordinance.
अध्यापक (अध्यापिका)	पुं. स्त्री.	पढ़ानेवाला, शिक्षक	وُستاد، ماشٹر	वुस्ताद, माश्टर	instructor, teacher, educator.
अध्यापकी	स्त्री.	पढ़ाने का काम, अध्यापनकार्य।	ماشٹٔری	माश्टरी	instructorship, teachership.
अध्यापन	पुं.	1. विद्यार्थियों को पढ़ाने की क्रिया या भाव; 2. पढ़ाने की वृत्ति या पेशा।	پرناوُن؛ ماشٹٔری	परुनावुन; माश्टरी	teaching, instruction; teachership, instructorship.
अध्याय	पुं.	पुस्तक का खंड या विभाग जिसमें किसी विषय का अथवा विषय के विशेष अंग का स्वतंत्र विवेचन हो, प्रकरण।	باب، ادیاے	बाब,अद्याय	chapter.
अध्यारोप (अध्यारोपण)	पुं.	1. एक वस्तु के गुणधर्म का भ्रमवश अन्य वस्तु में आरोप करना;	غلطی کِنۍ اپٕز پوز باسُن؛	गल्ती किन्य अपुज़ पोज़ बासुन;	super-imposition, erroneous transferring of a statement from one thing to another;
		2. मिथ्या या निराधार कल्पना।	(ویدانت) اپٕز ہانٛژھ	(वीदान्त) अपुज़ हांछ	(in Vedanta philosophy) wrong attribution.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अध्येता	पुं.	अध्ययन करने वाला।	پرَن وول	परनवोल	student, reader.
अनंग	पुं.	कामदेव;	کامہ دیو	कामुदीव	Cupid, god of love
	वि.	देहरहित; अशरीरी।	اکایُت	अकायुत	bodiless, incorporea
अनंत	वि.	1. जिसका अंत या समाप्ति न हो;	بےٲنتھ؛	बेआंथ;	boundless, endless;
		2. नित्य, शाश्वत;	ابدی؛	अबदी;	eternal;
		3. असीम;	لاحد؛	लाहद;	infinite;
		4. अक्षय।	نہ سورُن	न सोरुवुन	inexhaustible.
अनंतर	क्रि.	उपरांत, बाद, पीछे,	پتہٕ	पतु	after, afterwards,
	वि.	निकटस्थ।			next.
अनंतिम	वि.	जिसे अभी अंतिम रूप न दिया गया हो, अस्थायी।	عارضی	आरज़ी	provisional.
अनगढ़	वि.	1. बिना गढ़ा हुआ, अपरिष्कृत;	اُگُر تھوگُر؛	ओगुर थोगुर;	crude, unwrought, unpolished;
जंतु-विज्ञान	पुं.	जीव-विज्ञान।	عِلمِ حیوانات	अलिमि हैवानात	biology.
जंतु-शाला	स्त्री.	वह स्थान जहां प्रदर्शन या अध्ययन के लिए जीवित जंतु रखे जाएं, चिड़ियाघर।	چِڑیاگر	चिडियागर	zoo.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जंत्री(जंतरी)	स्त्री.	1. सुनारों का एक उपकरण जिससे वे तार खींच कर पतला तथा लंबा करते हैं;	یٛنٛدرل؛	यँदुरल;	perforated plate of steel through which ingots of gold, silver, etc., are drawn into wire;
		2. पंचांग, तिथिपत्र।	جنتھری	जंथरी	almanac, calendar.
जंबू	पुं.	जामुन का पेड़ और उसका फल।	جامن کُلہٕ تہٕ تمیُک میوٕ	जामन कुल तॖ तॖम्युक म्यवॖ	black plum tree and its fruit.
जंबूर (जंबूरा)	पुं.	चिमटी की तरह का एक उपकरण जिससे कारीगर चीजों को ऐंठते, दबाते या घुमाते हैं।	زٕمبوٗر	ज़ंबूर	pliers.
जंभाई (जम्हाई)	स्त्री.	एक शारीरिक व्यापार जिसमें मनुष्य गहरा सांस लेने के लिए पूरा मुंह खोलता है और थकावट या नींद आने का सूचक होता है।	زامن	ज़ामन	yawning, gaping.
जंभाना (जम्हाना)	अ.क्रि	जंभाई लेना।	زامن کرٕنۍ	ज़ामन करॖन्य	to yawn, to gape.
जई	स्त्री.	1. एक प्रसिद्ध मोटा अन्न जिसका पौधा जौ के पौधे से मिलता-जुलता होता है;	باجرٕ؛	बाजरॖ;	oat;
		2. जौ का छोटा अंकुर जो मंगल द्रव्य माना जाता है;	وُشکِ تھل؛	वुशकि थल;	small shoots of barley (which are carried about in the turbans of Hindus during **dasahara** festival);
		3. किसी पौधे का अंकुर।	تھل	थल	the first sprouts of germinating rice etc. when the seeds are steeped in water previous to sowing.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जकड़	स्त्री.	1. जकड़ने की क्रिया, ढंग या भाव;	تھپھ کرٕنۍ؛	थफ करन्य;	holding firmly, tightening;
		2. चारों ओर से दृढ़ बन्धन में होने की अवस्था या स्थिति।	تھپھ	थफ	grip, grasp.
जकड़ना	स.क्रि	इस प्रकार कस कर बांधना कि वह हिल-डुल न सके।	چارُن	चारुन	to tighten, to bind.
	अ.क्रि	1. चारों ओर से कस कर बांधा जाना;	کیٚسِتھ گنڈُن؛	कॅसिथ गंडुन;	
		2. शीत आदि के प्रकोप से शरीर अथवा किसी अंग का इस प्रकार ऐंठा जाना कि वह हिल-डुल न सके।	ترٚکرُن، کاوٕرُن	त्रकरुन, कावुरुन	
जखम (जख्म)	पुं.	1. आघात आदि के कारण शरीर में लगनेवाली ऐसी चोट जिसमें त्वचा कट-फट या छिल जाती है और रक्त बहने लगता है;	چھوکھ؛	छुख;	wound, injury;
		2. हानि।	نوقصان	नुक़सान	damage, loss.
जखमी (जख्मी)	वि.	घायल, जिसे जखम लगा हो।	زخمی	ज़ख्मी	wounded, injured
जग	पुं.	संसार।	سمسار	समसार	world, universe.
जगत	पुं.,	1. संसार, विश्व;	زگتھ؛	ज़गथ;	world, universe;
	स्त्री.	2. कुएं का चबूतरा जोकि उसके चारों ओर बना हुआ होता है और जिस पर खड़े होकर पानी खींचते हैं।	تھر (کرٟیُک)	थर (क्रीर्युक)	curb of masonry round a well;
जगदंबा	स्त्री.	दुर्गा।	دوٗرگا	दुर्गा	the goddess Durga.
जगना	अ.क्रि	1. जागना, नींद से उठना;	نیٚندرِ ووتھُن؛	न्येंदरि वुथुन;	to be awake, wake up;
		2. अग्नि आदि का प्रदीप्त होना।	ہیٚون (نار)	ह्योन (नार)	to be burnt, to sparkle, to glitter.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जगमग	वि.	चमकदार, प्रकाशित।	پرزلوٗن	प्रज़ुलवुन	shining, brilliant.
जगमगाना	अ.क्रि	अपने या दूसरे के प्रकाश से चमकने लगना।	پرزلاوُن، پرزلاوُن	प्रज़ुलुन, प्रज़ुलावुन	to shine, to glimmer.
जगमगाहट	स्त्री.	जगमगाने की अवस्था या भाव।	پرو، چمکھ، ناپُن	प्रवु, चमख, नापुंन	shine, glimmer, brilliance.
जगहंसाई	स्त्री.	लोक निंदा, बदनामी।	بدنامی	बदनामी	cause of universal or general laughter, defame.
जगह	स्त्री.	1. स्थान; 2. बीच में होनेवाला अवकाश या विस्तार; 3. वह पद या स्थान जहां पर कोई काम करता हो।	جاے؛ شنی؛ نوکری منز جاے	जाय; शिन्य; नोकरी मंज़ जाय	place; space; post.
जगाना	स.क्रि	1. सोते से उठाना; 2. सजग, सावधान करना; 3. तंत्र मंत्र आदि के प्रसंग में दैवी शक्ति को जागृत करके अपने अनुकूल करने का प्रयत्न करना।	وُزناوُن؛ خبردار؛ ہُشار یا نمودار کرُن	वुज़ुनावुन; खबरदार; हुशार या नमूदार करुन	to awaken; to alert; to arouse, to evoke.
जघन	पुं.	1. उपस्थ (विशेषतः स्त्रियों का); 2. श्रोणि, नितम्ब; 3. सेना का पिछला भाग।	منڈل بچھ؛ مندج؛ فوجک پوت بوگ	मंदल बछि; मंदजि; फोजुक पोुत बोग	the hip and loins; buttocks; rear-guard, the reserve of an army.
जघन्य	वि.	1. गर्हित, निन्दनीय, हेय; 2. अंतिम सीमा पर का।	کھروُن (یتھ کُن وچھن سیتی من پھیرہ یا نفرتھ گژھیہ)؛ آخری	खरुवुन (यथ कुन वुछिनु सूती मन फेरि या नफ़रथ गछि); आखरी	abominable, detested, detestable hindmost, last.
जच्चा	स्त्री.	सद्यःप्रसूता, जिसे प्रसव किए 40 दिन न हुए हों।	لوس	लोसु	woman confined in child-bed.
जच्चाखाना	पुं.	प्र ्वगृह, सूतिकागृह।	لوسہ کُٹھ	लोसु कुठ	lying in chamber, maternity home.
जच्चा-बच्चा	पुं.	प्रसूता स्त्री तथा शिशु।	لوسہ تہ شُر	लोसु तु शुर	mother and baby in confinement.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जज	पुं.	निर्णायक, फैसला करनेवाला।	جج	जज	judge.
जजमान	पुं.	1. यज्ञ करनेवाला;	ہوَن کرن وول؛	हवन करन.वोल;	one who performs the **yajna** ceremony;
		2. दक्षिणा आदि देकर ब्राह्मणों से धार्मिक कृत्य करानेवाला;	یَزمن؛	यज़मन;	person who institutes the performance of a sacrifice, employs priests for the purpose, and pays the expenses of it;
		3. यजमान।	میزمان	मेज़मान	host.
जजमानी	स्त्री.	1. यजमान होने की अवस्था, पद या भाव;	یُزمن کار؛	यज़मन कार;	the state of being a host or **yajna** performer;
		2. ऐसी वृत्ति जो यजमानों के कृत्य कराने से चलती हो।	یُزمنن اتھ پۆزکرناوُنک کار	यज़मनन अथि पूज़ा करनावनुक कार	occupation of performing yajna by Brahmins on behalf of their clients, for which they are paid.
जटा	स्त्री.	1. सिर के लंबे तथा आपस में उलझे हुए बालों की लट;	جٹہٕ؛	जटु;	matted hair.
		2. पेड़-पौधों की जड़ों के आपस में गुथे हुए पतले-पतले रेशों या सूतों का समूह।	زُٹھ مۆل	ज़ठमूल	fibrous root.
जटा-जूट	पुं.	जटा को लपेट कर बनाया जानेवाला जूड़ा।	جٹہٕ	जटु	matted and braided hair of the head.
जटाधारी	वि.	जिसके सिर पर जटा हो।	جٹل	जटल	wearing matted or twisted or braided hair.
जटित	वि.	जड़ा हुआ।	جۆرمُت	ज़ोरमुत	studded or set with.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जटिल	वि.	1. कठिन, पेचीदा, दुर्बोध उलझा हुआ;	خُرۍدار؛	खुर्यदार;	complicated, confused, unintelligible, intermixed;
		2. जिसके जटाएं हों।	جٹایہدار	जटायिदार	having matted or entangled hair.
जटिलता	स्त्री.	जटिल होने की अवस्था, गुण या भाव।	خُر، خُرۍر	खुर, खुर्यर	complication, confusion.
जठर	पुं.	1. पेट, कुक्षि;	یڈ؛	यड;	stomach, belly, abdomen, womb;
		2. किसी वस्तु का भीतरी भाग।	اندرِ	अंदुर्	interior of anything.
	वि.	1. कड़ा, कठोर;	کرُوٗٹھ؛	क्रूठ;	hard, stiff, firm;
		2. बूढ़ा।	بُڈ	बुड्	old.
जठराग्नि	स्त्री.	उदर स्थित अग्नि जो आयुर्वेद के मतानुसार आहार को पचाने का काम करती है।	یڈ وہنۍ	यड वुह्न्य	the fire of the stomach which helps to digest food.
जड़	वि.	1. चेतना-रहित, अचेतन;	بےزو؛	बेज़ुव;	inanimate;
		2. मूर्ख, निर्बुद्धि;	مُڈ؛	मुड्;	stupid, idiotic;
		3. अकड़ा हुआ, गतिक्रियारहित, सर्दी से ठिठुरा हुआ;	وٹسۍ گومت؛	वटुस्य गोमुत;	cold, frigid;
		4. गूंगा।	کوٗل	कोल	dumb.
जड़	स्त्री.	1. पेड़ पौधे आदि का वह मूल भाग जो पृथ्वी के अन्दर रहता है और पृथ्वी से रस खींचकर पेड़ पौधे का पोषण करता है·	موٗل؛	मूल;	root;
		2. किसी वस्तु का बिलकुल नीचेवाला भाग;	بُنیاد، کن؛	बुनियांद, कन;	foundation, base;
		3. किसी कार्य का मूल कारण या प्रेरक।	اصل، موٗل،	असुल, मूल	origin.
जड़ता	स्त्री.	1. जड़ होने की अवस्था, गुण या भाव;	بےزُوی؛	बेज़ुवी;	immovableness or inanimateness;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. एक संचारी भाव-यह उस स्तब्धता या चेष्टाहीनता का द्योतक है जो प्रिय व्यक्ति से वियोग होने या भय अथवा आश्चर्य आदि की स्थिति में होती है।	ویس مٔری	व्यसमरी	insensibility, stupefaction (one of the subordinate feelings).
जड़ना	स.क्रि	1. एक वस्तु को किसी दूसरी वस्तु के तल में ठोककर या धंसाकर जमाना;	جرُن؛	जरुन;	to fix, to stud;
		2. किसी प्रकार के रिक्त स्थान में कोई चीज इस प्रकार जमाकर बैठाना कि वह अपने स्थान से इधर-उधर न हो सके;	فِٹ کرُن سِپُر بیٚہناوُن؛	फिट करुन सिपु ब्रेहुनावुन;	to fit;
		3. जोर से आघात या प्रहार करना।	ٹاس ترٲوُن	टास त्रावुन	to strike.
जड़वाना	स.क्रि	जड़ने का काम दूसरे से कराना।	جرِناوُن	जरुनावुन	to cause to be set or studded with;
जड़हन	पुं.	वह धान जिसके पौधे को एक जगह से उखाड़कर दूसरी जगह बोया जाता है	تھل	थल	rice plants which on being sown are transplanted to another field.
जड़ाई	स्त्री.	1. जड़ने की क्रिया या भाव;	جڑاو؛	जडाव;	setting (as jewels etc.);
		2. जड़ने की मजदूरी।	جرِوٕنۍ	जरवुन्य	wages or charges for such wrok.
जड़ाऊ	वि.	(वह आभूषण) जिसमें रत्न, मोती आदि नग जड़े हुए हों।	جڑاودار وس	जडावदार वस	set or studded with jewels.
जड़ित	वि.	जड़ा हुआ।	جوٚرمُت	ज़ोरमुत	studded, bedecked.
जड़िया	पुं.	नग जड़ने का काम करनेवाला।	منُر	मनुर	one who sets jewels.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जड़ी	स्त्री.	किसी बनस्पति की वह जड़ जो औषध के रूप में काम आती हो।	بوٗٹۍ	बूट्य	the root of a medicinal herb.
जड़ी-बूटी	स्त्री.	औषध के काम में आनेवाली जंगली वनस्पतियां और उनकी जड़ें।	جڑی بوٗٹۍ	जडी बूट्य	medicinal herbs.
जड़ीभूत	वि.	जिसमें हिलने-डुलने की शक्ति न रह गई हो, निस्पंद।	موٚنٹھُن گژھُن؛ موٚنٹھُن؛ موٚنٹھرٕ لد	मोंठुन गछुन; मोंठुन; मोंठ्न्यलद	become motionless, still.
जतन	पुं.	यत्न।	کوٗشِش	कूशिश	same as 'यत्न'.
जतलाना	स.क्रि	1. किसी को किसी बात की जानकारी कराना, अवगत कराना; 2. आगाह करना, चेताना।	زآنۍ راوُن؛ ہیُس اَنُن	ज़ान्यरावुन; ह्यसु अनुन	to make known, to inform of, to apprise; to caution, to warn.
जताना	स.क्रि.	जतलाना।	زآنۍ راوُن	ज़ान्यरावुन	see 'जतलाना'.
					band, gang, flock.
जन	पुं.	1. मनुष्य, व्यक्ति; 2. मनुष्य-समूह; 3. सेवक, अनुयायी।	زٕون؛ لوٗکھ؛ موٚہنیُو	ज़ोन; लूख; मोहन्युव	man, person; men collectively, the people; servant, page.
जन-आन्दोलन	पुं.	किसी उद्देश्य की सिद्धि के लिए जनता द्वारा चलाया गया आन्दोलन।	لُکہٕ تحریک	लुकु तहरीक	mass movement.
जनक	पुं.	1. पिता; 2. सीता के पिता मिथिला के राजा का नाम।	موٗل؛ راز زنک	मोल; राज़ु ज़नुक	father; name of the king of Mithila who was the father of Sita, Ram's wife.
जनखा	पुं.	1. औरतों जैसी चेष्टा और हाव-भाववाला व्यक्ति; 2. हिजड़ा, नपुंसक।	زنانہٕ ہیُو مردٕ؛ لانٛژھ، لانٛژھ	ज़नानु ह्यू मर्द; लांछ, लॉंछ	effeminate, womanish; eunuch.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जनगणना	स्त्री.	किसी देश के समस्त निवासियों की गणना।	مۄردُم شُماری	मुर्दुम शुमारी	census.
जनजाति	स्त्री.	जंगलों, पहाड़ों आदि पर रहनेवाली ऐसी पिछड़ी जाति या लोगों का वर्ग जो साधारणतः एक ही पूर्वज के वंशज होते हैं और जिनका प्रायः एक ही पेशा, एक जैसे विचार और एक जैसा रहन-सहन होता है।	قٔبیٖلہٕ	कबीलु	tribe.
जनतंत्र	पुं.	एक शासन प्रणाली जिसमें देश का शासन जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा होता है।	لُکہٕ راج	लूकुराज	democracy.
जनता	स्त्री.	प्रजा, जनसाधारण।	لۄکھ	लूख	public, masses.
जनन	पुं.	1. संतान को जन्म देने या उत्पन्न करने की क्रिया या भाव;	زۄیوراوُن؛	ज़्योवरावुनः	begetting, giving birth to, producing;
		2. जन्म, उत्पत्ति, आविर्भाव।	زَنُم	ज़नुम	birth, production, origination.
जनना	स.क्रि	जन्म देना, प्रसव करना।	زَنُم دیُن	ज़नुम द्युन	to give brith (to), to bear.
जननी	स्त्री.	जन्म देनेवाली, मां।	ماج	मांज	one who gives birth, mother.
जननेंद्रिय	स्त्री.	वह इंद्रिय जिससे संतान की उत्पत्ति होती है।	زینُہ اعضا (ینٛدرٕے)	ज्यनु ऐज़ा (यन्द्रय)	genital organs, genitals.
जनपद	पुं.	1. बस्ती, जिला;	بٔستی؛	बस्ती;	habitation, district;
		2. राज्य, देश;	مُلکھ؛	मुलुख;	empire, inhabited country;
		3. समुदाय, राष्ट्र।	قوم	कोम	community, nation.
जनपदीय	वि.	जनपद सम्बन्धी।	بٔستی ہُنٛد	बस्ती हुंद	relating to district, community etc.
जनप्रवाद	पुं.	जनता में फैली हुई कोई बात, अफवाह।	افواہ، شووَے	अफवाह, शोवय	hearsay, r .iour.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जनप्रिय	वि.	जो जनता को प्रिय हो।	لۄکہٕ ٹۄٹھ	लूकु टोंठ	liked by the people, popular.
जनमत	पुं.	जनसाधारण की राय।	لۄکہٕ راے	लूकु राय	public opinion.
जनमना	अ.क्रि स.क्रि	जन्म लेना, पैदा होना। जन्म देना, प्रसव करना।	زیٛوُن ؛ پرٛسُن	ज़्यवुन; प्रसुन	to be born. to give birth to.
जनयित्री	स्त्री.	जन्म देनेवाली, माता।	ماج ، موج	मांज, मोज	one who gives birth, mother.
जनरव	पुं.	1. लोगों का कोलाहल; 2. अफवाह, जनश्रुति।	کرکھ ؛ شوٗوے	क्रख; शोवय	noise, clamour; rumour, hearsay.
जनवाद	पुं.	1. जनता में फैली बात, चर्चाका विषय; 2. आधुनिक राजनीति का ऐसा सिद्धांत जिसके अनुसार जनसाधारण की इच्छा सर्वोपरि मानी जाती है और नीति-निर्धारण में शासक वर्ग को काफी प्रभावित करती है।	ٹُڈی ؛ لۄکہٕ سرداری	टुड्य; लूकु सरदारी	talk of men, rumour, hearsay; republicanism.
जनवादी	वि.	जनवाद के सिद्धांत को मानने वाला।	لۄکہٕ سرداری مانن وول	लूकु सरदारी मानन वोल	one who believes in republicanism.
जनवाना	स.क्रि	जनने अर्थात् प्रसव करने या जन्म देने में सहायक होना।	پیٖنُناوُن	पीनुनावुन	to give help or cause to give birth or to be born.
जनवासा	पुं.	बरातियों के ठहरने की जगह।	برات خانہٕ	बरातख़ानु	the place for the stay of the bridegroom and his party at the time of marriage.
जनश्रुति	स्त्री.	अफवाह, लोगों में फैली बात।	افواہ	अफ़वाह	rumour, hearsay.
जनसंख्या	स्त्री.	स्थानविशेष में बसनेवालों की संख्या	آبادی	आबादी	population.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जनसाधारण	पुं.	जनता।	عوام	अवाम	people in general.
जनसेवक	पुं.	जो जनता की सेवा के काम करता हो।	سماج سیوک	समाज सेवक	public servant, social worker.
जनसेवा	स्त्री.	ऐसे काम जो जनसाधारण या जनता की हितकी भला या उपकार के लिए किए जाएं।	سماج سیوا	समाज सेवा	public service, social service.
जनाजा	पुं.	अरथी या वह संदूक जिसमें मुसलमान या ईसाई शव रखकर कब्रिस्तान ले जाते हैं।	توبُدٕ	तोबूदु	lier (with corpse laid on it).
जनाना	वि.	1. स्त्रियों का सा आचरण अथवा उन जैसे हावभाव दिखानेवाला;	یٚوزٕ ;	योज़;	effeminate;
		2. स्त्री सम्बन्धी, स्त्री की तरह।	زنانہٕ آیہ	ज़नानु आयि	feminine, womanly.
	पुं.	1. हीजड़ा, नपुंसक;	لانٛژھ ;	लांछ;	eunuch;
		2. अन्तःपुर।	محل خانہٕ	महल खानु	female apartment.
जनानापन	पुं.	1. स्त्री होने की अवस्था;	زنانہٕ گی ;	ज़नानुगी;	womanishness;
		2. नामर्दी।	نامردی	नामर्दी	impotence.
जनाब	पुं.	महाशय, महोदय।	جناب	जिनाब	Sir, your excellency.
जनित	वि.	उत्पन्न, पैदा हुआ।	زامُت	ज़ामुत	born, produced.
जनित्र	पुं.	1. भाप, गैस, बिजली आदि उत्पन्न करनेवाला यंत्र;	جنریٹر ;	जनरेटर;	generator of steam, gas, power etc.;
		2. जन्म-स्थान, स्रोत।	آگُر	आगुर	birth place, place of origin.
जनित्री (जनयित्री)	स्त्री.	जन्म देनेवाली, मां।	ماج	मोज	progenitrix, mother.
जनून	पुं.	उन्माद, पागलपन।	مچر	मच़र	loss of reason, madness, insanity.
जनेऊ	पुं.	हिन्दुओं में बालकों के यज्ञोपवीत नामक संस्कार के	یونہِ	योनि	the sacrificial or sacred thread worn

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		समय गले में पहनाया जानेवाला सूत्र, ब्रह्मसूत्र।			by the Hindus (over the left shoulder and hanging down diagonally across the body to the right hip).
जनोपयोगी	वि.	जनसाधारण के लिए उपयोगी, हितकर।	عوامی مفادک	अवामी मफादुक	of public utility.
जन्म	पुं.	1. गर्भ से निकलकर जीवन धारण करने की क्रिया या भाव, उत्पत्ति;	زیٖون؛	ज़्योन;	birth;
		2. अस्तित्व में आना, आविर्भाव;	تھنہٕ پیٖون؛	थनु प्योन;	to come into existence, origin;
		3. जीवन, ज़िन्दगी।	زِندگی	ज़िदंगी	life, life-time.
जन्मजात	वि.	जन्म से ही, स्वभावतः।	زینہٕ پیٹھٕ	ज़्यनु प्यठु	since birth, in-born.
जन्मतिथि	स्त्री.	जन्मदिन।	زادۄہ	ज़ादोह	date of birth.
जन्मदिन	पुं.	1. पैदाइश का दिन, जीवन धारण करने का दिन;	زایِدۄہ؛	ज़ायिदोह;	date of birth;
		2. तारीख आदि के विचार से प्रतिवर्ष पड़नेवाला किसी के जन्म लेने का दिन जो प्रायः उत्सव के रूप में मनाया जाता है।	ؤہرؤد	वोहरुवोद	birth day.
जन्मपत्री	स्त्री.	वह पत्र या कागज जिसमें किसी के जन्मकाल के ग्रह, नक्षत्रों की स्थिति, उनकी दशा, अन्तर्दशा और उनके शुभाशुभ फल बताए जाते हों।	زاتُک	ज़ातुक	horoscope.
जन्मभूमि	स्त्री.	वह ग्राम, नगर, देश जहां किसी का जन्म हुआ हो, जन्म-स्थान।	زینہٕ جاے	ज़्यनु जाय	motherland.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जन्मसिद्ध	वि.	जन्म से प्राप्त, पैदाइशी।	پأدأشی، زأیتی	पादशी, ज़ायती	inborn, native, innate.
जन्मांतर	पुं.	अन्य जीवन, दूसरा जन्म।	دۆیُم زَنُم	दोयुम ज़नुम	another life, the second birth.
जन्मा	वि.	वह जिसका जन्म हुआ हो।	زامُت	ज़ामुत	born from.
जन्माष्टमी	स्त्री.	भाद्रपद की कृष्णाष्टमी जिस को भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था।	زرمُ سٕتم	ज़रमु सतम	the eighth day of the dark half of Bhadrapad on which Lord Krishna was born.
जन्मोत्तर	पुं.	जन्म के पश्चात्।	زٕنہٕ پتہٕ	ज़्यनु पत	post-birth.
जन्मोत्सव	पुं.	1. किसी के जन्म के समय मनाया जानेवाला उत्सव;	وۆہرُ وۄد مناوُن؛	वोहरुवोद मनावुन;	the festival held on one's birth;
		2. जन्म दिन को मनाया जानेवाला उत्सव।	وۆہرواد۪ی وُچھب	वोहरवाद्य वुछब	the festival held on birth anniversary of some one.
जन्य	वि.	(समासान्त में)—से उत्पन्न, जात, उत्पन्न।	زامُت، زاو	ज़ामुत, ज़ाव	(at the end of comp.) born from, occasioned by.
जप	पुं.	1. किसी मंत्र, स्तोत्र आदि को धीमे स्वर से बार-बार दुहराना;	زپھ؛	ज़फ़;	silent repetition of Mantra or stotra;
		2. माला के मनके फेरना।	مال پھِرُنۍ، تسبیح پھِرُنۍ	माल फिरुन्य, तस्यबीह फिरुन्य	counting silently the beads of a rosary.
जप-तप	पुं.	पूजापाठ।	زپھ تپھ	ज़फ़ तफ	devotion, adoration, worship.
जपना	स.क्रि	जप करना, बार-बार उच्चारण करना।	زپُن	ज़पुन	to mutter, to utter in a low voice, to repeat internally.
जब	क्रि. वि.	जिस समय, जिस वक्त।	یێلہِ	येलि	when, at the time when.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		समय गले में पहनाया जानेवाला सूत्र, ब्रह्मसूत्र।			by the Hindus (over the left shoulder and hanging down diagonally across the body to the right hip).
जनोपयोगी	वि.	जनसाधारण के लिए उपयोगी, हितकर।	عوٲمی مفادُک	अवामी मफादुक	of public utility.
जन्म	पुं.	1. गर्भ से निकलकर जीवन धारण करने की क्रिया या भाव, उत्पत्ति;	زیٚون ؛	ज़्योन;	birth;
		2. अस्तित्व में आना, आविर्भाव;	تھنُہ پیٚون ؛	थनु प्योन;	to come into existence, origin;
		3. जीवन, ज़िन्दगी।	زِندگی	ज़िदंगी	life, life-time.
जन्मजात	वि.	जन्म से ही, स्वभावतः।	زینہٕ پیٹھٕ	ज़्यनु प्यठ	since birth, in-born.
जन्मतिथि	स्त्री.	जन्मदिन।	زادوٚہ	ज़ादोह	date of birth.
जन्मदिन	पुं.	1. पैदाइश का दिन, जीवन धारण करने का दिन;	زایہِ دوٚہ ؛	ज़ायिदोह;	date of birth;
		2. तारीख आदि के विचार से प्रतिवर्ष पड़नेवाला किसी के जन्म लेने का दिन जो प्रायः उत्सव के रूप में मनाया जाता है।	ووٚہرٕوود	वोहरवोद	birth day.
जन्मपत्री	स्त्री.	वह पत्र या कागज जिसमें किसी के जन्मकाल के ग्रह, नक्षत्रों की स्थिति, उनकी दशा, अन्तर्दशा और उनके शुभाशुभ फल बताए जाते हों।	زاتُک	ज़ातुक	horoscope.
जन्मभूमि	स्त्री.	वह ग्राम, नगर, देश जहां किसी का जन्म हुआ हो, जन्म-स्थान।	زینہٕ جاے	ज़्यनु जाय	motherland.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जन्मसिद्ध	वि.	जन्म से प्राप्त, पैदाइशी।	پادٲشی، زٲیتی	पादाशी, ज़ायती	inborn, native, innate.
जन्मांतर	पुं.	अन्य जीवन, दूसरा जन्म।	دۆیُم زَنُم	दोयुम ज़नुम	another life, the second birth.
जन्मा	वि.	वह जिसका जन्म हुआ हो।	زامُت	ज़ामुत	born from.
जन्माष्टमी	स्त्री.	भाद्रपद की कृष्णाष्टमी जिस को भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था।	زَرمُ سَتَم	ज़रमु सतम	the eighth day of the dark half of Bhadrapad on which Lord Krishna was born.
जन्मोत्तर	पुं.	जन्म के पश्चात्।	زٕنہٕ پَتہٕ	ज़्यनु पत	post-birth.
जन्मोत्सव	पुं.	1. किसी के जन्म के समय मनाया जानेवाला उत्सव;	وۄہرٕوود، مناوُن؛	वोहरुवोद मनावुन;	the festival held on one's birth;
		2. जन्म दिन को मनाया जानेवाला उत्सव।	وۄہرٕوٲدۍ، وُژھب	वोहरवाद्य वुछ़ब	the festival held on birth anniversary of some one.
जन्य	वि.	(समासान्त में)–से उत्पन्न, जात, उत्पन्न।	زامُت، زاو	ज़ामुत, ज़ाव	(at the end of comp.) born from, occasioned by.
जप	पुं.	1. किसी मंत्र, स्तोत्र आदि को धीमे स्वर से बार-बार दुहराना;	زپھ؛	जफ़;	silent repetition of Mantra or stotra;
		2. माला के मनके फेरना।	مال پھِرُنۍ، تسبیح پھِرُنۍ	माल फिरुन्य, तस्यबीह फिरुन्य	counting silently the beads of a rosary.
जप-तप	पुं.	पूजापाठ।	زپھ تپھ	ज़फ़ तफ	devotion, adoration, worship.
जपना	स.क्रि	जप करना, बार-बार उच्चारण करना।	زپُن	ज़पुन	to mutter, to utter in a low voice, to repeat internally.
जब	क्रि. वि.	जिस समय, जिस वक्त।	ییٚلہِ	येलि	when, at the time when.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जब कभी	क्रि. वि.	चाहे जब, किसी समय।	ییٚلہِ زانٛہہ	ये़लि ज़ांह	whenever.
जब-जब	क्रि. वि.	जिस-जिस समय।	ییٚلہِ تیٚلہِ	ये़लि ते़लि	whensoever, at whatever time.
जबड़ा	पुं.	मुंह में नीचे ऊपर की हड्डी जिसमें दांत होते हैं।	زٔسمہٕ	ज़स्मु	jaw.
जब-तब	क्रि वि.	कभी-कभी।	ییٚلہِ وٕ تیٚلہِ	ये़लि वु ते़लि	now and then, occasionally
जबरदस्त	वि.	1. (व्यक्ति) प्रबल पड़नेवाला, स्वभाव से कड़ा और शक्तिशाली;	زبردس؛	ज़बर्दस;	powerful, vigorous;
		2. (वस्तु) दृढ़ और मज़बूत।	دٔور	दो़र	strong;
जबरदस्ती	स्त्री. अव्य.	जुल्म, ज्यादती। बलपूर्वक।	زبردٕستی	ज़बरदस्ती	high handedness. forcibly.
जबरन	क्रि. वि.	बलात्, बलपूर्वक, जबरदस्ती।	جبرن	जबरन	with force, forcibly.
जबान (जुबान)	स्त्री.	1. जीभ, रसना; 2. वाणी, भाषा।	زیو؛ زبان	ज़्यव; ज़बान	tongue; speech, language.
जबानी	वि.	जो जबान से कहा गया हो, मौखिक, अलिखित।	زبٲنی	ज़बानी	oral, verbal.
जब्त	वि.	किसी अपराध के दण्डस्वरूप राज्य द्वारा छीन ली गई (सम्पत्ति)	ضبط	ज़बुत	confiscated, forfeited.
	पुं.	धैर्य।	ہیمتھ	ह्यमथ	restraint, control.
जब्ती	स्त्री.	किसी चीज का जब्त किया जाना, कुर्की।	قُرُق	कुरुक्य	confiscation, forfeiture.
जभी	क्रि. वि.	जब भी, जब ही।	ییٚلی	ये़ली	whenever, as soon as, therefore.
जमघट	पुं.	आदमियों की भीड़, जमाव।	جمگٹھ	जमगठ	crowd, multitude.
जमना	अ.क्रि	1. पतली चीज का गाढ़ा या ठोस होना;	زیٚن، سوٗٹُن؛	ज़्योन, स्वुटुन;	to be coagulated; to clot;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. दृढ़तापूर्वक स्थित होना, डटा रहना, बना, रहना;	درُن؛	दरुन;	to become firm or hard;
		3. सर्दी से सख्त होना;	لگُن؛	लगुन;	to freeze;
		4. एकत्र होना, जमा होना;	سمُن؛	समुन;	to assemble;
		5. किसी जगह देर तक बैठना;	بِہتھ گژھُن؛	बिहिथ गछ़ुन;	to remain seated for more than desired time;
		6. अड़ना;	ہوڑ کرُنۍ؛	हुड करुन्य;	to persist, to insist;
		7. उगना, उत्पन्न होना, निकलना (अंकुर आदि का);	کوٗٹ نیرُن؛	कोट नेरुन;	to grow, to sprout;
		8. व्यापार आदि का चल निकलना।	چلُن	चलुन	to be firmly established, to be settled;
जमा	वि.	1. बचाकर अथवा जोड़ कर रखा हुआ (धन);	پتھ پلہِ / کوٗرمُت پانسہٕ؛	पथ पलि / कोरमुत पांसु:	saved or collected (money etc.);
		2. खाते के आय पक्ष में लिखा हुआ।	جماہ کھاتہٕ	जमाह खातु	deposited.
	पु.	1. जोड़;	جماہ؛	जमाह;	sum-total;
		2. खाते का वह भाग जिसमें धन का ब्यौरा दिया जाता है।	جماہ کھاتہٕ	जमाह खातु	deposited, credit.
जमाई	पुं.	दामाद, जामाता।	زامتُر	ज़ामुतुर	son-in-law.
	स्त्री.	पौधा आदि जमाने, लगाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	رُوُن یا / رُوُوُنۍ	रुवुन या / रुववुन्य	the work or wages of growing or germinating a plant.
जमा-खर्च	पुं.	1. आय और व्यय;	جماہ خرچ؛	जमाह खरुच;	receipt and disbursements;
		2. लेन-देन की मदें।	لین دین	लेन देन	debit and credit.
जमात	स्त्री.	1. (विद्यार्थियों की) कक्षा, श्रेणी;	جماتھ؛	जमाथ;	class (of students);
		2. समुदाय, जत्था, भीड़।	ارساتھ	अरसाथ	society, assembly of people, crowd.
जमादार	पुं.	छोटे कर्मचारियों के कार्य का निरीक्षक एक अधिकारी।	جمادار	जमादार	jamadar.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जमादारी	स्त्री.	जमादार का कार्य या पद।	جمادآری	जमादारी	work or post of a jamadar.
जमानत	स्त्री.	1. वह जिम्मेदारी जो इस रूप में ली जाती है कि यदि कोई व्यक्ति विशेष समय पर कोई काम नहीं करेगा तो उसका दण्ड या हरजाना हम देंगे;	ضمانتھ (ذمہ دآری)؛	ज़मानथ (ज़िमुदारी);	surety, guarantee;
		2. वह धन जो किसी की जिम्मेदारी लेते समय किसी अधिकारी के पास जमा किया जाता है।	ضمانتھ پانسہ	ज़मानथ पांसु	bail, security.
जमानतनामा	पु.	जमानत के प्रमाण में लिखित कागज़।	ضمانتھ نامہ	ज़मानथ नामु	bond of surety or security.
जमानती	वि.	जमानत सम्बंधी।	ضمانژ متعلق	ज़मानच़ मुतलक	relating to surety.
	पुं.	जमानत करनेवाला व्यक्ति।	ضامِن	ज़ामिन	surety (person).
जमाना	स.क्रि	1. तरल पदार्थ को ठोस बनाना;	زوٗوراوُن؛	ज़ोवुरावुन;	to curdle, to coagulate, to freeze;
		2. एक वस्तु को दूसरी वस्तु पर दृढ़तापूर्वक स्थित करना या बैठाना;	سپہٕ تھوٗن؛	सिपु थवुन;	to fix;
		3. ऐसे ढंग से कोई कार्य करना जिससे वह प्रभावशाली तथा सफल हो;	قایِم کرُن؛	कायिम करुन;	to establish;
		4. चलने योग्य बनाना, मजबूत करना;	دُرراوُن؛	दरुरावुन;	to consolidate;
		5. अच्छी तरह प्रहार करना।	زورِ دب لایُن	ज़ोरु दब लायुन	to strike with force.
	पुं.	1. काल, समय, युग;	زمانہٕ؛	ज़मानु;	time, age, period;
		2. संसार।	دُنیاہ	दुन्ययाह	world.
जमाबंदी	स्त्री.	पटवारी का वह खाता जिसमें गांव के हर काश्तकार के लगान का	جمابندی	जमाबंदी	revenue record of tenants.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		हिसाब और ब्यौरा लिखा जाता है।			
जमालगोटा	पुं.	एक फल का बीज जो तीव्र विरेचक होता है।	جمال گوٹھ	जमाल गोटॢ	the purgative drug called Jairopha cureas.
जमाव	पुं.	1. जमने का भाव;	شِٹھُن ؛	शिठुन;	coagulation, clotting;
		2. बहुत सी चीजों या व्यक्तियों के इकट्ठे होने की अवस्था या भाव।	سمُن ، بیٖرٕ	समुन, बीरॢ	accumulation, multitude, crowd.
जमींदार	पुं.	1. जमीन का मालिक विशेषतः वह व्यक्ति जो किसानों को लगान पर अपनी जमीन जोतने, बोने के लिए देता है;	زٕمیٖن دار ؛	ज़मीनदार;	landlord;
		2. काश्तकार।	کاشکار	काश्कार	one who tills the land, farmer.
जमींदारी	स्त्री.	1. जमींदार होने की अवस्था, भाव या पद;	زٕمیٖن دآری ؛	ज़मीनदारी;	zamindari;
		2. जमींदार की वह भूमि जिसका लगान वह जोतनेवाले काश्तकारों से वसूल करता है।	لاجمُژ زٕمیٖن	लाजमुच़ ज़मीन	landed estate.
जमीन	स्त्री.	1. पृथ्वी, भूमि;	زٕمیٖن ؛	ज़मीन;	land, soil;
		2. पृथ्वी का (समुद्र से भिन्न) स्थल भाग;	بُتراتھ ؛	बुतराथ;	earth;
		3. वह आधार या सतह जिस पर बेल-बूटे बने हुए हों;	پَتھُر ؛	पथुर;	ground;
		4. वह सामग्री जिसका उपयोग किसी द्रव्य को प्रस्तुत करने में आधार रूप में किया जाए।	بُنیاد	बुन्ययाद	base.
जयंती	स्त्री.	1. किसी महापुरुष की जन्मतिथि पर मनाया जानेवाला उत्सव;	وۄہرٕ وۄد ؛	वोहरवोद;	anniversary;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी महत्वपूर्ण कार्य के आरंभ होने की वार्षिक तिथि पर मनाया जानेवाला उत्सव;	جُبلی ؛	जुबुली;	jubilee;
		3. पताका, ध्वजा।	عَلَم، جنڈہ	अलम, जंडॖ	banner, flag.
जय	स्त्री.	1. शत्रु या विपक्षी को हराना;	فتح ؛	फतह;	conquest, victory;
		2. प्रतियोगिता में जीतना, दूसरों से बढ़ जाना;	زینُن ؛	ज़ेनुन;	winning (contest etc.);
		3. जीतने के उत्साह में आह्लाद सूचक शब्द।	شابش	शाबश	bravo, hurrah.
जय-जयकार	पुं.	सामूहिक रूप से किसी की बार-बार जय कहने की क्रिया या भाव।	زِندہ باد	जिंदाबाद	words of victory, cheers.
जयमाला	स्त्री.	1. विजेता को पहनाई जानेवाली जय-सूचक माला;	جےمال ؛	जयमाल;	the garland of victory;
		2. विवाह के समय कन्या द्वारा अपने भावी पति के गले में डाली जानेवाली माला।	منن مال	मनन माल	the garland which the bride puts on the neck of her selected husband in Swayamvar.
जयस्तम्भ	पुं.	वह स्तम्भ या ऊंची वास्तु रचना जो किसी देश पर विजय प्राप्ति की स्मृति में बनवाई जाती है।	بتُکی	बुतुक्य	column erected to commemorate a victory, triumphal column.
जरदा (जर्दा)	पुं.	1. पान के साथ खाने के लिए विशेष विधि से बनाई हुई सुगंधित सुरती;	زرد، چیٹمِتہ، مُشکہ دار ۔ وتھُر ؛	ज़रदु,च़ीटिमॅत्य मुशाकुदार तमाक्य वथुर;	scented tobacco eaten with betel leaf;
		2. विशेष प्रकार से बनाए हुए मीठे पीले चावल।	مُتجن	मुतजन	sweet dish of rice.
जरदी (जर्दी)	स्त्री.	1. जरद अर्थात् पीले होने की अवस्था, गुण या भाव	لیدریار ؛	ल्यॅदर्यार;	paleness, yellowness;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. अंडे में से निकलनेवाला पीला अंश।	ٹھلُچ زردی	ठलुच्य ज़र्दी	yolk.
जरसी(जर्सी)	स्त्री.	पूरी बांह का कमर तक का एक पहरावा।	جٔرسی	जर्सी	jersey.
जरा	स्त्री.	बुढ़ापा, वृद्धावस्था।	بُجر	बुजर	old age.
ज़रा	वि.	थोड़ा, तनिक।	رٔژھاہ	रछाह	a little, bit.
जराग्रस्त	वि.	1. वृद्ध; 2. वृद्धावस्था के कारण कमजोर तथा शिथिल।	بُڈ؛ نوتوان	बुड्; नोतवान	aged, old; weak due to old age, senile.
जरायु	पुं.	वह झिल्ली जिसमें लिपटा हुआ बच्चा मां के गर्भ से बाहर आता है।	ہل،زال (یتھ منز بچہ زیُن وِزِ وٕلتھ آسان چھُ)	हल, ज़ाल (यथ मंज़ बचि ज़्यनु विज़ि वलिथ आसान छु)	the outer skin of the embryo.
जरायुज	पुं.	वह प्राणी जो माता के गर्भ से निकलते समय जरायु में लिपटा हुआ होता है।	زالہ جاندار ڈمبہ زاد	ज़ालु जानदार डम्बु ज़ाद	born from the womb, viviparous;
जरी	पुं.	1. बादले से बुना हुआ ताश नामक कपड़ा; 2. सोने के तार से बने बेल-बूटे।	زٔری ی؛ زٔری یہ کام	ज़र्यीय; ज़र्यीय काम	gold brocade, gold lace; embroidery.
जरीब	स्त्री.	खेत या जमीन नापने की एक प्रकार की जंजीर जो 55 या 60 गज की होती है।	جٔریب	जरीब	chain used in measuring land, 55 or 60 yards in length.
जरूर	क्रि. वि.	अवश्य।	ضٔرور	ज़ोरूर	certainly.
जरूरत	स्त्री.	आवश्यकता, प्रयोजन।	ضٔرورتھ	ज़ोरूरथ	need, requirement.
जरूरी	वि.	1. जिसके बिना काम न चले, आवश्यक; 2. जिसका होना या घटित होना रुकने को न हो।	ضٔروری؛ بٲوی، لابوٗدی	ज़ोरूरी; बावी, लाबूदी	necessary, indispensable, urgent; inevitable.
जर्जर	वि.	1. कमजोर और बेकाम; 2. टूटा-फूटा, जीर्ण।	مُکلیومُت پھُٹہ پھراٹہ گومُت	मुकुल्योमुत; फुट फ्राट गोमुत	infirm, useless; shattered, worn out.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. शरीर के किसी अंग के जलने पर उसमें होनेवाली कष्टकारक पीड़ा या चुनचुनाहट।	پھُہُن	फुहुन	burning sensation.
जलना	अ.क्रि	1. आग का संयोग होने पर किसी वस्तु का ऐसी स्थिति में होना कि उसमें से लपट, प्रकाश, ताप या धुआं आदि निकलने लगे;	دزُن؛	दज़ुन;	to burn;
		2. उक्त प्रकार के संयोग से जलकर भस्म होना;	سوٗر گژھُن؛	सूर गछुन;	to be burnt-to ashes;
		3. शरीर के किसी अंग का या पदार्थ का अग्नि के संयोग या ताप से विकृत होना, झुलसना;	پھُہُن نارٕ تاوٕ ستۍ بستہٕ کھسُنۍ، ژھوکھ لگُن؛	फुहुन नार तावु सूत्य बस्तु खसुन्य, छुख लगुन;	to have a burning sensation;
		4. ईर्ष्या, द्वेष आदि से कुढ़ना, संतप्त होना।	دزُن، نار گنڈُن	दज़ुन, नार गंडुन	to envy, to be jealous.
जलनिधि	पुं.	समुद्र।	سمندر	समंदर	sea, ocean.
जलपान	पुं.	कलेवा, नाश्ता।	ناشتہٕ	नाश्तु	light refreshment.
जलप्रपात	पुं.	पहाड़ों आदि में ऊंचाई से गिरनेवाला जल प्रवाह, झरना।	پانٛژادر	पाँचादर	water-fall.
जल-प्लावन	पुं.	1. भीषण बाढ़ जिसमें दूर-दूर तक पानी ही पानी दिखाई दे;	سہلاب، یوٗپ؛	सहलाब, यूप;	inundation;
		2. एक प्रकार की प्रलय।	پرلے	प्रलय	deluge, great flood.
जलमय	वि.	पानी से भरा हुआ, जल प्लावित।	آبی آب	आबी आब	full of water, watery.
जलमार्ग	पुं.	समुद्री अथवा नदी का रास्ता।	آبی وتھ	आबी वथ	water-course.
जलयान	पुं.	जल में चलनेवाला यान, सवारी, जहाज, नाव आदि	ناو، جہاز	नाव, जहाज़	boat, ship.
जलवाना	स.क्रि	जलाने का काम किसी दूसरे से कराना।	زالناوُن؛	ज़ालुनावुन;	to cause to be burnt.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जलवायु	स्त्री.	किसी स्थान की गरमी, जाड़ा, वर्षा आदि सूचित करनेवाली वह प्राकृतिक स्थिति जिसका प्रभाव वहां की आबादी, वनस्पति आदि पर पड़ता है।	آبہٕ ہواہ	आबुहवाह	climate.
जलविहार	पुं.	जल में उतरकर मनोविनोद आदि के लिए एक दूसरे पर पानी आदि फेंकना और इसी प्रकार की अन्य क्रीड़ाएं करना।	آبہٕ کھیل	आबु खेल	playing in water.
जलसमाधि	स्त्री.	1. जल में डूब कर प्राण त्याग करना; 2. जल में प्रवाहित करना।	آبہٕ بُزٕی گژھُن؛ ییرٕ گژھُن	आबु बुज्य गछुन; यीरु गछुन	self-immolation by drowning; immersion of anything into river, sea, etc.
जलसह	वि.	जिस पर पानी का प्रभाव न हो।	یتھ نہٕ شرٛیہہ پورِ	यथ नु श्रेह पोरि	water-proof.
जलसा	पुं.	उत्सव, समारोह, अधिवेशन, बैठक।	جلسہٕ	जलसु	festivity, social gathering, function, meeting.
जलसेना	स्त्री.	समुद्र में विपक्षियों से युद्ध करनेवाली और समुद्री तटों की रक्षा करनेवाली सेना।	سمندٕری فوج	समंदरी फोज	navy.
जलांक	पुं.	जल चिह्न।	آبی نِشانہٕ	आबी निशानु	water mark.
जलांजलि	स्त्री.	पितरों की तृप्ति के लिए किया जानेवाला जलदान, तर्पण।	دِو پیتٕر	दिव पेतुर	the hollowed palms filled with water offered to ancestors.
जलाऊ	वि.	जलानेवाला।	زالن وول	ज़ालन वोल	burning.
जलाना	स.क्रि	1. जलने में प्रवृत्त करना, प्रज्वलित करना;	زالُن؛	ज़ालुन;	to burn, to enflame;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. गरमी या आंच पहुंचाकर झुलसाना;	ژھٕکھدٕیُن؛	छुखद्युन:	to scorch;
		3. प्रकाशित करना;	ژُکھ دِیُن؛	चुख द्युन;	to kindle, to light;
		4. ईर्ष्या या जलन पैदा करना।	رُش پادٕ کرٕنۍ	रुश पादु करुन्य	to excite envy, to provoke to jealousy.
जलाशय	पुं.	तालाब, झील।	سَر	सर	pool, tank, lake.
जलील	वि.	1. अपमानित;	زٕلیل؛	ज़लील;	insulted, disgraced;
		2. जो अपमानित किए जाने पर भी हठवश वही काम करता हो;	بےٚشرٕم؛	बेशरुम;	shameless;
		3. तुच्छ, नीच।	وٕسۍ پایہِ	वंस्य पायि	mean, wretched, contemptible.
जलीय	वि.	जलसम्बन्धी, जल का।	آبی	आबी	aquatic, relating to water.
जलूस	पुं.	गलियों, सड़कों आदि पर प्रचार, प्रदर्शन आदि के लिए निकलनेवाला व्यक्तियों का समूह।	جۆلوٗس	जोलूस	procession.
जलेबी	स्त्री.	घी में तलकर शीरे में पगाई हुई मैदे की एक प्रसिद्ध कुंडलाकार मिठाई।	جِلیبی	जिलेबि	kind of sweetmeat.
जलोदर	पुं.	एक प्रकार का रोग जिसमें पेट में पानी बनने लगता है और फलस्वरूप पेट फूलने लगता है।	اسطِلاق زٕل درٕ	इस्तिलाक ज़लदर	dropsy.
जल्द	अ.	तीव्र गति से आगे बढ़ने या कोई काम करने की अवस्था, क्रिया या भाव, शीघ्रता से।	جلد	जलुद	instantly, at once, immediately, quickly.
जल्दबाज	वि.	आवश्यकता से अधिक जल्दी करनेवाला, उतावला, जल्दी मचानेवाला।	جلدباز	जलुदबाज़	hasty or impetuous.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जल्दबाजी	स्त्री.	उतावलापन, जल्दबाज होने की अवस्था या भाव।	جلدبازی، باوُبر	जलुदबाज़ी, बांबुर	hastiness, precipitation
जल्दी	स्त्री., अ.	तेजी, शीघ्रता, उतावलापन, शीघ्रता से।	جلدی	जल्दी	quickness, hurry haste, quickly. immediately.
जल्लाद	पु.	दण्डित व्यक्ति को मारने या फांसी लगानेवाला व्यक्ति।	مارِواتُل	मारुवातुल	executioner, slaughterer.
	वि.	क्रूर, निर्दय।	ظالم	ज़ालिम	cruel or merciless **(person).**
जवनिका (यवनिका)	स्त्री.	पर्दा, कनात।	پردٕ	पर्दु	curtain, **screen.**
जवांमर्द	वि.	वीर, बहादुर।	جوان مرد	जवांमरद	manly, **brave,** gallant.
जवांमर्दी	स्त्री.	बहादुरी, वीरता।	جوان مردی	जवांमर्दी	manliness, **bravery,** gallantry.
जवान	वि.	बचपन और प्रौढ़ता के बीच की अवस्थावाला, युवा, तरुण।	جوان	जवान	young, youthful.
	पुं.	युवक, सैनिक।	سپاہ	सिपाह	youth, soldier.
जवानी	स्त्री.	युवावस्था, यौवन।	جوانی	जवानी	youth.
जवाब	पुं.	1. प्रश्न, अभियोग, तर्क आदि के संदर्भ में अपने समाधान के लिए कही गई बात, उत्तर;	جواب؛	जवाब;	reply, answer;
		2. बदला चुकाने के लिए किया गया कार्य;	آنچ (هاوُن)	आंच (हावुन्य)	retaliation;
		3. किसी वस्तु के जोड़ की दूसरी वस्तु;	کساسہیُون؛ جوڑ؛	कसासु ह्योन; जोरु;	similar object;
		4. नौकरी से अलग किए जाने की सूचना;	جواب؛	जवाब;	order of dismissal;
		5. नकारात्मक उत्तर।	نکار	नकार	refusal.
जवाबतलब	वि.	पूछने, जवाब मांगने लायक।	جواب دِہ	जवाबदेह	requiring an answer, called to account.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जवाबतलबी	स्त्री.	जवाब मांगा जाना।	جواب دِہی	जवाब दिही	call for answer, call to account or explain.
जवाबदेह	वि.	(व्यक्ति) जिससे किसी बात का जवाब मांगा जा सके, उत्तरदायी, जिम्मेदार।	جواب دیہہ	जवाब द्रेह	liable, answerable, responsible.
जवाबदेही	स्त्री.	जवाबदेह होने की अवस्था या भाव, उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी।	جواب دِہی	जवाब दिही	liability, responsibility.
जवाब-सवाल	पुं.	प्रश्न और उत्तर, वाद-विवाद।	سوال جواب	सवाल जवाब	question and answer, discussion.
जवाबी	वि.	1. जवाब सम्बन्धी;	جوابس مُتلق؛	जवाबस मुतलक;	pertaining to answer;
		2. जवाब में किया जानेवाला;	درجواب؛	दरजवाब;	requiring a reply, counter;
		3. जो किसी के जवाब के रूप में हो।	جوابہٕ رنٛگ	जवाबु रंय	as a reply or answer.
जवाबी कार्ड	पुं.	जुड़े हुए दो कार्ड जिसमें से एक पर समाचार भेजा जाता है और दूसरा उसके उत्तर के लिए होता है।	جوآبی کاڈ	जवाबी काड	reply postcard.
जवाहर (जवाहिर)	पुं.	रत्न, मणि।	جوآہِر	जवाहिर	jewel.
जवाहरात	पुं.	अनेक प्रकार की मणियों या रत्नों का समूह।	لال جوآہِر	लाल जवाहिर	jewellery.
जशन(जश्न)	पुं.	धूमधाम से मनाया जानेवाला धार्मिक या सामाजिक उत्सव, समारोह।	جیٚشُن	ज़ेशुन	merriment, festivity, festival.
जस्ता	पुं.	मटमैले से रंग की एक प्रसिद्ध धातु जिसे तांबे के साथ मिलाने से पीतल बनता है।	زُسُد	ज़सुद	zinc, pewter.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जहन्नुम	पुं.	नरक।	جہنم ، نرٕک	जहनम, नरुक	hell, inferno.
जहर	पुं.	विष।	زہر ، شیٖنکیا	ज़हर, शींक्या	poison.
जहरबाद	पुं.	एक प्रकार का फोड़ा जिसमें उत्पन्न होनेवाले जहर के कारण प्राण संकट में पड़ जाते हैं।	زہربٲد	ज़हरबाद	boil or sore which has turned sceptic.
जहरमोहरा	पुं.	एक प्रकार का पत्थर जिसमें जहरीला तत्व सोख लेने का गुण होता है।	زہرموٗہرٕ	ज़हरमोहर्	bezoar, a kind of green stone supposed to be an antidote to poison.
जहरीला (जहरीली)	वि.	जिसमें जहर हो, विषयुक्त।	زٕہریلُ ، زٕہرٕ بوٗرُت	ज़हरील्, ज़हर् बोरुत	poisonous.
जहां	क्रि. वि.	जिस जगह, जिस स्थान पर।	ییٚتہِ	येति	wherever, where.
जहां-जहां	क्रि. वि.	जिस-जिस जगह, जिस-जिस स्थान पर।	ییٚتہِ ییٚتہِ	येति येति	wherever.
जहाज	पुं.	जलयान, पानी में चलने वाली बहुत बड़ी नाव।	جہازٕ	जहाज़ु	ship, vessel.
जहाजरानी	स्त्री.	जहाज चलाने का व्यवसाय।	جہازرٲنی	जहाज़रानी	shipping.
जहाजी	वि.	जहाज का, जहाज से सम्बन्धित।	جہازس مُتعلق	जहाज़स मुतलक	marine, nautical.
जहान	पुं.	दुनिया, संसार।	جہان	जहान	the world.
जांघ	स्त्री.	टांग का कमर और घुटने के बीच का भाग।	لنگ	लंग	thigh, hip.
जांघिया	पुं.	कमर में पहना जानेवाला घुटनों तक का पहनावा, घुटना।	کاٹھُے	कांठ्य	underwear.
जांच	स्त्री.	1. जांचने की क्रिया या भाव;	پرکھُن ؛	परखुन;	test;
		2. परख, छानबीन, तहकीकात।	تفتیش	तफतीश	investigation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जांचना	स.क्रि	1. किसी बात के सही, गलत अथवा किसी वस्तु के खरे-खोटे होने का पता लगाना;	کٔہوچ کھارُن؛	कहवचि खारुन;	to test, to examine;
		2. प्रामाणिकता आदि के बारे में छानबीन करना।	وُچھُن گارُن	वुछुन गारुन	to investigate.
जांच-पड़ताल	स्त्री.	छानबीन, तहकीकात।	تحقیق	तहकीक	investigation.
जाकिट (जाकेट)	स्त्री.	सदरी की तरह का एक आधुनिक पहनावा।	جاکیٹ	जाक्यट	jacket.
जाग	स्त्री.	जागने या जागते रहने की अवस्था, क्रिया या भाव।	بیدآری	ब्यदारी	waking, wakefulness.
जागना	अ.क्रि	1. नींद का त्याग करना, जगा हुआ होना;	نینٛدرِ ووٚتھُن؛	न्यन्दरि वुथुन;	to wake up, to rise;
		2. सजग या सावधान होना।	ہُشار روزُن	हुशार रोजुन	to become vigilant, to be on the alert.
जागरण	पुं.	1. जागते रहने की अवस्था या भाव;	وُنیٚندُر؛	वुन्येंदुर;	awakening, wakefulness;
		2. किसी उत्सव, पर्व या धार्मिक समारोह में रात को जागते रहने का भाव;	شب بیدآری؛	शब ब्यदारी;	sitting up at night as a part of a religious ceremony;
		3. वह अवस्था जिसमें किसी जाति, देश या समाज आदि को अपनी वास्तविक परिस्थितियों और उनके कारणों का ज्ञान हो जाता है और वह अपनी उन्नति के लिए सचेष्ट हो जाता है।	ہیٚسہٕ روزُن	ह्यसु रोजुन	watchfulness, vigilance.
जागरूक	वि.	जागता हुआ, सावधान।	بیدار	ब्यदार	wakeful, watchful.
जागरूकता	स्त्री.	जागरूक होने की स्थिति या भाव।	بیدآری	ब्यदारी	wakefulness, vigilance, alertness.
जागीर	स्त्री.	वह भूमि जो राजा, बादशाह आदि बड़े-बड़े	جاگیر	जागीर	property, land etc. given by the ruler

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		लोगों को विशिष्ट सेवाओं के उपलक्ष में पुरस्कार के तौर पर देते थे।			as reward.
जागीरदार	पुं.	जिसे जागीर मिली हो, जागीर का मालिक।	جاگیردار	जांगीरदार	feudal lord, fief holder.
जागीरदारी	स्त्री.	जागीरदार का पद या जागीरदार होने का भाव।	جاگیرداری	जांगीरदारी	feudalism.
जाग्रत	वि.	जागता हुआ, सजग, सावधान।	ہُشار	हुशार	rising, awakening.
जाजिम	स्त्री.	दरी, कालीन के ऊपर बिछाने की छपी चादर।	مسنٛد	मसनंद्	chequered or ornamented linen cloth spread over a carpet etc.
जाज्वल्यमान	वि.	1. चमकता हुआ, प्रकाशमान;	زوتُون؛	ज़ोतुवुन;	shining, brilliant;
		2. तेजपूर्ण।	پرزلوُن	प्रज़लवुन	glorious, majestic.
जाट	पुं.	पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान आदि में बसनेवाली एक हिन्दू जाति जो मुख्यतः खेती बाड़ी करती है, उक्त जाति का व्यक्ति।	جاٹھ	जाठ	a caste of farmers in north west Punjab, Rajasthan, etc. and a member of the said caste.
जाड़ा	पुं.	1. शीतकाल;	وندٕ؛	वंद्;	winter;
		2. सरदी।	تُر	तूर	cold.
जाड्य	पुं.	1. जड़ होने की अवस्था या भाव, निश्चेष्टता;	شِٹھنیار؛	शिठुन्यार;	coldness, frigidity, stiffness, inactivity;
		2. मूर्खता।	چارٕہ	चार्यर	dullness of intellect, stupidity.
जात	वि.	1. उत्पन्न, प्रकट, घटित, व्यक्त।	زامُت	ज़ामुत	born, happened.
	पुं.	1. बेटा, बच्चा;	شُر؛	शुर;	son, child;
		2. समूह, वर्ग।	ٹولی	टोलु	group, community.
जातक	पुं.	1. नवजात शिशु;	زاشُر؛	ज़ाशुर;	newly born child;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. फलित ज्योतिष का वह अंग जिसमें जन्म-कुंडली देख कर शुभाशुभ फल कहा जाता है;	زاتُکھ ؛	ज़ातुख;	astrological :alculations;
		3. वह बौद्ध ग्रन्थ जिसमें भगवान बुद्ध के पूर्व जन्म की कथाएं हैं।	جاتک (پۆتھی)	ज़ातक (पूथ्य)	a Buddhist book containing tales of Buddha's previous lives.
जातकर्म	पुं.	हिन्दुओं में पुत्रजन्म के अवसर पर किया जानेवाला एक संस्कार।	کاہنیتھُر	काहनेथुर	ceremony pefomed at the birth of a child.
जातपात	स्त्री.	जाति-उपजाति।	ذاتھ پاتھ	ज़ाथपाथ	caste.
जाति	स्त्री.	1. नस्ल, जात, सम्प्रदाय:	نسٕل ؛	नसुल;	race, caste, sect, genus;
		2. पदार्थों या जीवजन्तुओं की आकृति, गुण, धर्म आदि की समानता के विचार से किया हुआ विभाग, वर्ग।	ذاتھ	ज़ाथ	character of a species, genuine or true state of anything;
जातिवाद	पुं.	जाति को महत्व देनेवाली विचारधारा या सिद्धांत।	ذاتھ پاتھ	ज़ाथ् पाथ	casteism.
जातीय	वि.	जाति सम्बन्धी, जाति का।	زاتٕچ ہُند	ज़ाच़ हुंद	relating or belonging to any species, genus, class, kind, caste, family, race, etc.
जातीयता	स्त्री.	जाति का भाव।	زاتٕچ ہُند خیال	ज़ाच हुंद खयाल	conception or idea of caste.
जादुई	वि.	जादू का, जादू सम्बन्धी।	جادوی، طِلسمی	जॉदुय, तिलिस्मी	magical, relating to magic.
जादू	पुं.	1. बुद्धि के कौशल और हाथ की सफाई से दिखाया जानेवाला कोई ऐसा खेल जिसका रहस्य न समझने के कारण लोग	بازیگری ؛	बाज़्यगरी;	juggling;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		उसे अलौकिक कृत्य समझें;			
		2. वशीकरण, आकर्षित करने की शक्ति;	مانٛتھر؛	मांथुर;	magic, enchantment;
		3. उक्त गुण या शक्ति का किसी पर पड़नेवाला प्रभाव।	جود	जोद	charm, overpowering influence.
जादूगर	पुं.	1. जादू करनेवाला;	بآزیگر؛	बाज़्यगर;	magician;
		2. आश्चर्यजनक रीति से विलक्षण कार्य करनेवाला।	جودگار	जोदगार	juggler.
जादूगरी	स्त्री.	1. जादू का काम या विद्या;	جودگری؛	जोदगरी;	magic, enchantment;
		2. अद्भुत तथा विलक्षण काम जो अलौकिक सा जान पड़े।	بازیگری	बाज़्यगरी	jugglery.
जान	स्त्री.	1. समझ, ख्याल;	زان؛	ज़ान;	knowledge;
		2. प्राण, जीवन;	زُو؛	ज़ुव;	soul, life, animation.
		3. शारीरिक बल या सामर्थ्य;	ہیکتھ؛	ह्यकथ;	energy, stamina;
		4. मूलतत्व, सारभाग;	جوہر؛	जवहर;	essence;
		5. प्रियजन का सम्बोधन।	مدنوار، دلبر، لولہ ژور	मदनयार, दिलबर लोलुचूर	sweet-heart, darling.
जानकार	वि.	1. जाननेवाला, अभिज्ञ:	زانٛی کار؛	ज़ान्यकार;	knowing, conversant, konwledgeable;
		2. परिचित।	وٲقِف	वाकुफ	acquainted, familiar (with).
जानकारी	स्त्री.	जानकर होने की अवस्था, गुण या भाव, परिचित होना।	زانٛ	ज़ान	knowledge, acquaintance.
जानदार	वि.	1. जिसमें जान हो, सजीव;	جاندار؛	जानदार;	having life, animate;
		2. प्रबल, शक्तिशाली।	طاقتور	ताकतवर	powerful, strong.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जानना	स.क्रि	जानकारी होना, अवगत होना, परिचित होना।	زانُن	ज़ानुन	to know, to apprehend, to understand, to comprehend, to be acquainted with.
जानपहचान	स्त्री.	आपस में एक दूसरे को जानने तथा पहचानने की क्रिया, अवस्था या भाव।	پٲرِ زان	पार्यज़ान	acquaintance.
जानवर	पुं.	मनुष्य से भिन्न अन्य जीव, विशेषतः वे जिनके चार पैर हों, पशु।	پۄش	पोश	animal, beast.
जाना	अ.क्रि	1. एक से दूसरे स्थान पर पहुंचने के लिए हरकत करना, गमन करना, रवाना होना;	گژھُن؛	गछुन;	to go;
		2. तरल पदार्थ का आधार या पात्र में से निकलना, बहना, रिसन.;	نیٖرِتھ ژَلُن؛	नीरिथ ॰वलुन;	leaking or flowing out of some liquid;
		3. एक स्थान से दूसरे स्थान तक विस्तृत रहना या होना;	پھٲلُن؛	फहलुन;	to expand or stretch from one place to another;
		4. गुजरना, बीतना;	گُذرُن؛	गुज़रु न;	to pass., to pass away;
		5. नष्ट होना, बिगड़ना;	فناہ گژھُن؛	फनाह गछुन;	to be destroyed or damaged;
		6. मरना।	مرُن	मरुन	to die.
जानी	वि.	जान या प्राणों से सम्बन्ध रखनेवाला।	جانی	जानी	of or relating to the life or soul.
जानी दुश्मन	पुं.	कट्टर शत्रु, जान लेने को तैयार रहनेवाला शत्रु।	جانی دُشمن	जानी दुश्मन	mortal enemy.
जाप	पुं.	इष्ट देवता के नाम मंत्र का बार-बार उच्चारण।	کوٗٹھ؛ ژَپھ کرُن	कोठ; ज़फ़ करुन	muttering or uttering prayers in low voice, internal repetition of some mantra.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जापा	पुं.	स्त्री का संतान उत्पन्न करना, प्रसव।	پرسُن	प्रसुन	child-birth, delivery.
जाब्ता	पुं.	नियम, कानून, विधान, दस्तूर।	ضابِطہٕ	ज़ाब्यतु	rule, canon, law, ordinance, regulation, procedure.
जाम	पुं.	मद्य पीने का पात्र।	جام، کھوس	जाम, खोस	goblet, bowl, cup, glass, drinking vessel (for drinking wine).
	वि.	अवरुद्ध (मार्ग आदि), दबाव आदि के कारण चारों ओर से कसे होने के कारण अपने स्थान पर जड़ा हुआ या रुका हुआ।	روٹھ، تھوپ، رُوزِتھ، ریٖہِتھ	रोट्ठ, थोप, रूज़िथ, रैहिथ	jammed (traffic).
जामन	पुं.	दूध जमाने के लिए डाला जानेवाली दही।	زاگ، زوورن	ज़ाग, ज़ोवुरन	rennet, a small quantity of curd used for coagulating milk.
जामा	पुं.	1. कपड़ा, पहरावा;	پلو؛	पलव;	garment, robe, gown, vest;
		2. दूल्हे को पहनाया जानेवाला अंगरखा जिसके नीचे का घेरा पेशबाज जैसा होता है	جامُہ	जामु	a long gown worn by bridegroom.
जामाता	पुं.	कन्या का पति।	زامٕتُر	ज़ामुतुर	son-in-law, daughter's husband.
जामिन	पुं.	जमानत करनेवाला, जिम्मा लेनेवाला।	ضامیٖنُ	ज़ामीनु	surety, bailee, one who takes responsibility.
जामुन	पुं.	एक प्रकार का वृक्ष और उसका फल।	جامن	जामन	tree and fruit of jambo, a black plum.
जामुनी	वि.	जामुन के रंग का, कुछ नीलापन लिए हुए काले रंग का।	جامنۍ رنگ	जामुन्य रंग	of jambo colour, of black colour having bluish shade.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जायका	पुं.	स्वाद।	مزٕ	मज़ु	taste.
जायकेदार	पुं.	जिसका स्वाद अच्छा हो, स्वादिष्ट।	مزٕدار	मज़ुदार	tasty, savoury.
जायज	वि.	वैध, उचित, मुनासिब।	جٲیِز	जॉयिज़	legitimate, suitable, befitting.
जायजा	पुं.	1. परख, जांच-पड़ताल;	جٲیِزٕ؛	जॉयिज़ु;	examination, verification;
		2. किए हुए कामों का दिया या लिया जानेवाला विवरण, कैफियत।	سام	साम	review.
जायदाद	स्त्री.	माल-असबाब, संपत्ति, जगह, जमीन।	جاداد	जादाद	property, estate.
जायफल	पुं.	एक प्रकार का सुगंधित फल जो औषध और मसाले के काम आता है।	زاپھل	ज़ाफल	nut meg, **Myristica moschata.**
जाया	स्त्री.	विवाहिता स्त्री।	نیترٕگراکھ زنانہٕ، کُلے	नेत्रुग्राख ज़नानु, कुलय	wife.
ज़ाया	वि.	व्यर्थ, नष्ट।	ضایہِ	ज़ायि	waste, ruined.
जार	पुं.	पर-स्त्री से संबंध रखनेवाला, उपपति।	یار (نیترٕگراکنہِ ہُند)	यार (नेत्रुग्राकुनि हुन्द)	a paramour of a married woman.
जारज	वि.	वह बालक जो उपपति अथवा परपुरुष के योग से उत्पन्न हुआ हो।	حرامُک، زارٕزاتھ	हरामुक, ज़ारुज़ाथ	the child of a woman by her paramour, bastard.
जारी	वि.	1. प्रचलित, जिसका चलन या प्रचलन बराबर हो रहा हो;	جٲری؛	जॉरी;	current, in use;
		2. जिसका प्रवाह बराबर हो रहा हो;	پکھٕوُن؛	पकुवुन;	**running;**
		3. (नियम आदि) जो इस समय लागू हो।	چلٕوُن، مُروج	चलुवुन, मुरवजु	in force.
जारी करना	स.क्रि	निकालना, चलाना, आरम्भ करना।	جٲری کرُن	जॉरी करुन	to issue, to enforce, to introduce, to start.
जाल	पुं.	1. सूत, सन आदि की	زال؛	ज़ाल;	net, mesh, snare;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		जालीदार बुनी हुई चीज़ जिसमें मछलियां, चिड़ियां आदि फ़ंसाते हैं;			
		2. किसी वस्तु का विस्तार;	وُسجار ؛	वुसुजार;	net-work;
		3. किसी उद्देश्य के लिए फंसाने की युक्ति या फंदा।	سازِش	साज़िश	forgery, conspiracy.
जालसाज	वि.	धोखाधड़ी करनेवाला, धूर्त।	جال ساز	जालसाज़	forgerer, deceitful.
जालसाजी	स्त्री.	जालसाज होने की अवस्था, गुण या क्रिया।	جال سازی	जालसाज़ी	forgery, conspiracy.
जाला	पुं.	1. आँखों का एक रोग जिसमें पुतली पर झिल्ली सी आ जाती है;	زال بیہُن ؛	ज़ाल ब्युहुन;	corneal opacity;
		2. मकड़ी का बुना हुआ जाल;	زلرِ ی زال ؛	ज़लुर्य ज़ाल;	cobweb;
		3. घास भूसा आदि बांधने की बड़ी जाली।	زال	ज़ाल	net.
जालिम	वि.	जुल्म करनेवाला, अत्याचारी, क्रूर।	ظٲلِم	ज़ालिम	tyrannical, cruel, tyrant.
जाली	स्त्री.	1. कोई ऐसी रचना जिसमें नियत और नियमित रूप से थोड़ी-थोड़ी दूर पर छेद या कटाव हों;	جالِ کپُر ؛	जालि कपुर;	mesh;
		2. एक प्रकार का कपड़ा जिसमें छोटे-छोटे छेद होते हैं और मसहरी आदि के काम आता है।	خاصہٕ	खासु	net.
	वि.	नकली या बनावटी।	نقلی	नकुली	counterfeit, forged.
जालीदार	वि.	जिसमें जाली बनी हो।	زَدل ، جالِدار	ज़दल, जालिदार	netted, meshy.
जावित्री	स्त्री.	जायफल के ऊपर का छिलका, जो दवा, मसाले आदि के काम आता है।	زافل دٕیل	ज़ाफल द्यल	mace (the spice).
जासूस	पुं.	छिपकर अपराधियों का भेद लेनेवाला, गुप्तचर।	جوسوٗس	जोसूस	spy, detective.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जासूसी	स्त्री.	जासूस का काम, पद, या क्रिया;	جوسوٗسی	जोसूसी	spying,espionage;
	वि.	जासूस सम्बन्धी।	جوسوٗسی مُتلق	जोसूसी मुतलक	detective or relating to espionage.
जाहिर	वि.	प्रकट, स्पष्ट।	ظاہر	ज़ाहिर	apparent, evident, obvious.
जाहिरी	वि.	1. जो जाहिर हो;	ظاہری؛	जाहिरी;	apparent;
		2. ऊपरी, बाह्य, दिखाऊ।	دِکھاوٕٹی	दिखावॊटी	external.
जाहिल	वि.	अशिक्षित, मूर्ख, गंवार।	اَن پڑ، جاہِل، وُلِہ ووتھمُت	अनपड, जाहिल, वुलि वोथमुत	illiterate, uncivil.
जाह्नवी	स्त्री.	गंगा।	گنگا	गंगा	the Ganges.
जिंदगी	स्त्री.	जीवन, पूरी आयु या जीवन काल।	زندگی	जिंदगी	life, span of life.
जिंदा	वि.	1. जीवित;	زِندٕ؛	ज़िंदु;	alive, living;
		2. जिसमें जीवनी शक्ति हो, सक्रिय और सचेष्ट।	زُودار	ज़ुवदार	full of life, active.
जिंदादिल	वि.	हंसमुख, दिलवाला।	زِندٕ دِل	ज़िंदुदिल	cheerful, live-hearted, lively.
जिंदादिली	स्त्री.	जिंदादिल होने की अवस्था या भाव।	زِندٕ دِلی	ज़िंदुदिली	cheerfulness.
जिंस	स्त्री.	1. वस्तु, व्यापार की चीजें;	جِنٕس، سامانٕ؛	जिनुस, सामानु;	commodity;
		2. अनाज।	اناج	अनाज	cereals.
जिक्र	पुं.	चर्चा, वर्णन, उल्लेख।	ذِکر	ज़िकिर	mention, reference.
जिगर	पुं.	1. यकृत, कलेजा;	جِگر؛	जिगर;	liver;
		2. जीवट, हिम्मत।	جِگُر	जिगुर	spirit, courage.
जिगरी	वि.	1. जिगर सम्बन्धी, जिगर का;	جِگرس مُتلق؛	जिगरस मुतलक;	belonging to liver;
		2. अंतरंग, घनिष्ठ।	جِگری	जिगरी	bosom, dear, beloved.
जिजीविषा	स्त्री.	जीने की इच्छा।	زِندٕ روزنٕچ خاہش	ज़िंदु रोज़नुच ख़ाहिश	desire to live.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जिम्मेवार (जिम्मेवार)	वि.	वह जिस पर किसी कार्य, वस्तु अथवा और किसी बात की जवाबदेही हो।	ذِمہ دار	ज़िमुदार	responsible, answerable.
जिम्मेवारी (जिम्मेवारी)	स्त्री.	जिम्मेदार होने की अवस्था या भाव।	ذمہ وٲری	ज़िमवारी	responsibility.
जिरह	स्त्री.	वे प्रश्न जो प्रतिपक्षी या उसका वकील बयान की सच्चाई जांचने के लिए करे।	جرح	जरह	cross-examination.
जिला	पुं.	आजकल किसी राज्य का वह छोटा विभाग जो किसी एक प्रधान अधिकारी की देख-रेख में हो और जिसमें कई तहसीलें हों।	ضِلہٕ	ज़िलु	district.
जिलाधीश	पुं.	जिला मजिस्ट्रेट, वह अधिकारी जिसे जिले भर के दीवानी और फौजदारी मुकदमों की अपीलें सुनने का अधिकार होता है।	ضٲل دار، ضِلہٕ مجسریٹ	ज़ालदार, ज़िलु मजसरेट	district magistrate or collector.
जिलाना	स.क्रि	1. मरे हुए को जिंदा करना जीवन देना या डालना; 2. दोबारा आरम्भ करना।	زِنٛدٕ کرُن؛ نوِ سرٕ شورُو کرُن	ज़िंदु करुन; नवि सरु शोरू करुन	to restore to life, to give life to; to revive.
जिल्द	स्त्री.	1. पुस्तक की रक्षा के लिए लगाई या चिपकाई हुई दफ्ती; 2. पुस्तक का अलग सिला या बंधा हुआ खंड; 3. त्वचा, खाल।	جِلدٕ؛ بوگ، حِصہٕ؛ چٔم	जिलदु; बोग, हिसु; चम	binding of book. cover; a volume (of a book); skin, hide.
जिल्दसाज	पुं.	पुस्तकों पर जिल्दें बांधनेवाला कारीगर।	جِلدٕ ساز، جِلدٕ گور	जिल्दु साज़, जिल्दु गोर	book binder.
जिल्दसाजी	स्त्री.	जिल्द बांधने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	جِلدٕ سازی	जिल्दु साज़ी	book-binding.
जिष्णु	वि.	जीतनेवाला, जयशील।	زینن وول	ज़ेनन वोल	victorious, triumphant, winning.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कश्मीरी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
